
Sl. No.	Student ID	Student Name	Program Code	Program Name	Specialization Code	Specialization	Course Code	Course Name	University Register No.	Continuous Internal Assessment (CIA)								Sem End Examination (SEE)	Total (CIA + SEE)	Result	Practical Marks	Result	Remakrs
										Mid Exam - 1	Mid Exam - 2	Total (Mid -1 + Mid - 2)	Assignments	Seminar / GD / Field Trip etc.,	Clean & Green & Attendance	Total (I+II+III+IV)	Scale Down to 25						
										20	15	35	5	5	5	50	25	75	100	P/F	50	P/F	
												I	II	III	IV								
1		SK Heena Taslima	30540	BZC			71	B.Sc	220907110081	18	13	31	4	4	3	42	21						
2		U Akiladeswari	30540	BZC			71	B.Sc	220907110085	17	13	30	4	4	2	40	20						
3		V.Rebecca	30540	BZC			71	B.Sc	220907110086	14	11	25	3	2	2	32	16						
4		Ch Keerthika	30540	BZC			71	B.Sc	220907110041	16	12	28	4	3	3	38	19						
5		Haleema Sadiya	30061	B.Com(CA)			82	B.Com(CA)	220908200008	18	13	31	4	4	3	42	21						
6		G Bhuvaneswari	30061	B.Com(CA)			82	B.Com(CA)	220908200007	15	13	28	4	3	3	38	19						
7		K Satya Sri	30061	B.Com(CA)			82	B.Com(CA)	220908200010	16	12	28	4	4	2	38	19						
8		K Rupasri	30061	B.Com(CA)			82	B.Com(CA)	220908200011	16	13	28	4	4	2	38	19						
9		K Rupa Venkata Sri	30061	B.Com(CA)			82	B.Com(CA)	220908200012	14	11	25	3	3	3	34	17						
10		Sk Alia Tahassum	30100	B.Com(G)			81	B.Com(G)	220908100012	18	14	32	4	4	4	44	22						
11		T Swathi	11710	HEP			62	B.A	220906201016	16	10	26	3	3	2	34	17						
12		P Dhanu Sri Mounika	11710	HEP			62	B.A	220906201010	15	11	26	2	2	2	32	16						
13		S Nagaseshu	12050	HPT			62	B.A	220906211028	16	11	27	3	3	3	36	18						
14		Ch Ankita	31071	MSCS			71	B.Sc	220907109025	16	14	30	4	4	4	42	21						
15		N Sahiti	31071	MSCS			71	B.Sc	220907109029	Ab	Ab	-	-	-	-	-	-						
16		S H S P Harika	31071	MSCS			71	B.Sc	220907109033	14	11	25	3	2	2	32	16						

The Influence of Indian Culture and Literature in Universal Human Well Being

सार्वभौमिक मानव भलाई के लिए भारतीय संस्कृति और साहित्य का प्रभाव

Edited by

Dr. G. AmruthaValli Tayaru

Smt. K. V. Syamala Devi

Bharti

सार्वभौमिक मानव भलाई के लिए भारतीय संस्कृति और साहित्य का प्रभाव

Edited by
Dr. G. Amruthavalli Tayaru
Smt. K. V. Syamala Devi

Bharti Publication
New Delhi - 110092 (India)

Copyright © Editors

Title: सार्वभौमिक मानव भलाई के लिए भारतीय संस्कृति और साहित्य का प्रभाव

Editors: **Dr. G. Amruthavalli Tayaru, Smt. K. V. Symala Devi**

All rights reserved. No part of this publication may be reproduced or transmitted, in any form or by any means, without permission. Any person who does any unauthorized act in relation to this publication may be liable to criminal prosecution and civil claims for damages.

First Published, 2022
ISBN: 978-93-94779-68-6
Published by:
Bharti Publications
4819/24, 2nd Floor, Mathur Lane
Ansari Road, Darya Ganj, New Delhi-110002
Phone: 011-46172797, 23247537
Mobile : +91-989-989-7381
E-mail : bhartipublications@gmail.com
info@bharatipublications.com
Website : www.bhartipublications.com

Disclaimer: The views expressed in the book are of the authors and not necessarily of the publisher and editors. Authors themselves are responsible for any kind of plagiarism found in their chapters and any related issues found with the book.

CONTENTS

Sr. No.	Title of the Chapter	Page no.
1.	साहित्यकारों के भाषा का साहित्य विकास में योगदान बी. श्रीलता	1-6
2.	भारतीय साहित्य में मूल्य और आदर्श डा. सी.हेच.वी.महालक्ष्मी,	7-11
3.	भारतीय साहित्य में विश्व कल्याण एस.निर्मला	12-14
4.	साहित्य एवं समाज के अंतर्संबंध डॉ. के. श्याम सुंदर,	15-21
5.	भारतीय संस्कृति में नैतिक मूल्य डॉ. टी. सुनीता	22-26
6.	मानव मूल्यों के संदर्भ में दयाप्रकाश सिन्हा के नाटकों का विवेचन डॉ. के.नीरजा	27-31
7.	साहित्य समाज और संस्कृति के समकालीन प्रश्न डॉ. बंड्ला श्रीनिवास राव	32-34
8.	SIGNIFICANCE OF ANCIENT INDIAN LITERATURE IN ENDURING INDIAN CLASSICAL DANCES Nagalapuram Haripriya	35-42
9.	THE INFLUENCE OF ANCIENT LITERATURE ON UNIVERSAL WELLBEING Dr. M. Nageswara Rao, Ch. Someswari, T. Delsly, B. Kabitha Rani, E. Vamsi, M. Srinivas	43-45
10.	साहित्य ,समाज और संस्कृति का अंत:संबंध Dr. K. Anitha	46-59
11.	अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर साहित्यकारों का भाषा, साहित्य विकास में योगदान, प्रभाव एवं स्थिति युवराज धवन,	60-65
12.	विश्व मानव कल्याण में भारतीय संस्कृति कीभूमिका आचार्य पी.के.जयलक्ष्मी	66-71

13.	रामदरश मिश्र के उपन्यासों में संस्कृति की नींव और परिवार की व्यवस्था डॉ.विंजनंपाटि यशोधरा	72-89
14.	साहित्य समाज और संस्कृति का अंतः सम्बन्ध डॉ . जि . विजय रत्न कुमार, षेक . बाजी	90-96

साहित्यकारों के भाषा का साहित्य विकास में योगदान

भाषा समाज की संप्तति होती है, जिसके परिवेश में ही उसका अस्तित्व और जीवन शक्ति निहित होती है। भाषा मानव समाज की अंतर्निहित भावनाओं को अभिव्यक्ति देने के साथ संस्कृति और सभ्यता के रूप में मुखरित होती है। जिस राष्ट्र के पास भाषाई शक्ति जितनी अधिक होगी उस राष्ट्र की संस्कृति उतनी ही विशाल और अक्षुण्य रहती है। भारत एक समृद्धशाली और विशाल राष्ट्र है, भाषा, धर्म, जाति, संप्रदाय, आचार–व्यवहार, रहन–सहन, पर्व–त्योहार, उत्सव आदि बातों में भारत में विविधता के दर्शन भले ही होती हों किन्तु समग्र भारत की संस्कृति एक ही है। संस्कृति–विचार, भावना, ज्ञान का ऐसा समन्वित रूप है, जो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक हस्तांतरित होते रहती हैं, क्योंकि संस्कृति विहीन समाज इतिहास के पन्नों से ओझल हो जाता है, मानव की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धियों को संस्कृति कहा जाता है और इस संस्कृति को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुँचाने का कार्य भाषा करती है, इसलिए भाषा भी संस्कृति का अभिन्न अंग है।

आज जो हिन्दी भाषा हमारे देश की राजभाषा, राष्ट्रभाषा का दायित्व सफलता से निभाकर विश्वभाषा की ओर अग्रसर है, वह न तो 'मानस' की अवधी है और न ही 'सूरसागर' की ब्रजभाषा बल्कि खड़ी बोली हिन्दी है। इस मुकाम तक पहुँचने के लिये इस खड़ीबोली को अनेक स्तरों पर संघर्ष करना पड़ा है। जिसमें उसका नाम, क्षेत्र, स्वरूप, राजभाषा तथा और आज यह विश्वभाषा बनने की लिए युगों के साथ संघर्षरत है। वास्तवः संघर्ष जीवंतता का लक्षण है, जो खड़ी बोली की एक स्वाभाविक प्रवृत्ति है।

भाषा और सांस्कृतिक मुद्दों को लेकर भारत को बाँटने को षड्यंत्र पश्चिम के विद्वानों ने अपनी स्वार्थी किन्तु कुशाग्र बुद्धि द्वारा भरसक प्रयास कर उसका राजनीतिक लाभ उठाय किन्तु उसने नसीब में हमेशा असफलता ही आयी। ऐसे महान विद्वानों में ऐमेना, कोल्डवेल, टीनरों, ग्रार्सा–द–तासी, जॉन गिलक्राईस्ट और जॉर्ज ग्रियर्सन आदि का समावेश है। इन्होंने उत्तर भारत और दक्षिण, भारत को भाषायी और सांस्कृतिक दृष्टि से अलग–अलग माना। ग्रियर्सन ने तो हिन्दी और उर्दू को अलग–अलग संप्रदाय तथा प्रांतों की भाषा बताकर भाषा

का राजनीतिक उपयोग किया। किन्तु इसी भ्रमित अल्पबुद्धि को कौन समझाये कि हिन्दी–तमिल तथा हिन्दी–उर्दू की आधारभूत शब्दावली तथा व्याकरणिक तत्वों की दृष्टि से समान है। तमिल के सर्वनाम–अवर, अवत्य, अवय तथा अद, हिन्दी तथा संस्कृत को सर्वनाम रूपों से मेल खाते हैं। इंगे, उंगे, कींगे जैसे अवयव इंधे, उंधे, किंधे के ही प्रतिरूप हैं। संस्कृत का 'तक्षण' कुशल कारगार 'तमिल' में तटचन होता है। संस्कृत का कर्दम तमिल का कच्चम तथा हिन्दी का कीचकाद यह सिद्ध करते हैं कि संस्कृत, हिन्दी तथा तमिल एक ही भाषा परिवार की भाषाएँ हैं।

भारतीय संस्कृति के अनुरूप ही हिंदी भाषा अनेक भाषा के रचना तत्वों को आत्मसात करके भारत की सामाजिक, संस्कृति के सभी तत्वों की अभिव्यक्ति करते आयी है और सदा करते रहेगी। सामाजिक, सांस्कृतिक आत्मीयता तथा आत्मसात यह पारिभाषिक शब्द हैं, जिसमें आत्मीयता का अर्थ है भाषा संरचना का संरक्षण। हिन्दी ने भारत की विभिन्न भाषाओं से ध्वनि तत्वों, शब्दों, मुहावरों तथा पदावली को आत्मसात करके उसे अपनी संरचना का अविभाज्य अंक बना लिया है।

वर्तमान वैश्वीकरण की प्रक्रिया में उपभोक्तावादी संस्कृति ने भारतीय संस्कृति तथा भाषाओं पर भी आक्रमण कर उसे विचलित (विस्थापित) कर दिया है। त्योहार, पर्व तथा उत्सव मनाने की आधुनिक पद्धति ने भारतीय संस्कृति का विचलन की प्रक्रिया से संबद्ध कर दिया है। संस्कार बोधक, संबोधक तथा अभिवादनपरक शब्दों के विवेचन के आधार पर सांस्कृतिक विचलन की दिशा को निर्धारित किया जा सकता है।

आदिकाल से लेकर वर्तमान दौर में चल रहा दलित वर्तमान दौर में चल रहा दलित तथा स्त्रीवादी हिन्दी साहित्य भारतीय संस्कृति का विराट दर्शन कराता है। जिसमें चंदरबदाई, कबीर, रहीम, रसखान, जायसी, तुलसी, अमीर खुसरो, गालिब तथा इकबाल हिन्दू और मुसलमानों के ही कवि नहीं है अपितु संपूर्ण भारत के कवि हैं और इनकी काव्य रचनाओं में प्रयुक्त हिन्दी किसी काल और क्षेत्र से बंधी न होकर समग्र भारतीय समाज की भाषा है, जो

भारत की सामाजिक संस्कृति की जड़ों से जुड़े कवि रहे हैं। उन्होंने मिला–जुला हिन्दी का प्रयोग करके भारत की सामाजिक संस्कृति को वैश्वीकरण की प्रक्रिया से जोड़ा है।

भारत की संस्कृति को मानवतावादी मूल्यों की पोषक संस्कृति से संपृक्त बना सकते हैं। वर्तमान भारत में आज समाज और संस्कृति को जोड़ने वाली इसी मिली–जुली हिन्दी भाषा के प्रयोग की आवश्यकता है।

साहित्य के विश्व प्रसिद्ध आलोचक रोमन याकोब्सन ने आलोचना के विषय में एक प्रेरक बात कही है, ''अगर मनुष्य न होता, तब भी हय दुनिया होती। इसी तरह आलोचना के न होने पर भी साहित्य होता। लेकिन मनुष्य के होने से ही यह दुनिया सुंदर और बेहतर बनी है। इसी प्रकार आलोचना के होने से ही साहित्य विकासशील, सामयिक और वैविध्यपूर्ण बना है।''

इस प्रकार यह कहा जा सकता हैं कि आलोचना साहित्य के स्वरूप में यथोचित परिवर्तन लाती है और साहित्य को 'वह' बनाती है जो उसे होना चाहिए। हिंदी में 'आलोचना' के लिए दो शब्द और भी प्रचलित हैं – ''समालोचना तथा समीक्षा। भारतीय परंपरा में किसी कृति पर की गई टीका अथवा व्याख्या का स्वरूप भी थोड़ा बहुत आलोचनात्मक होता है। आलोचना को रचनाकार और कृति दोनों के गुण–दोषों की परख या परीक्षा करने वाला शास्त्र माना जाता है। हिंदी साहित्य के कई रचनाकारों के बारे में आचार्य रामचंद्र शुक्ल के मत एकांगी हैं अतः आगे के आलोचकों ने इन भ्रमों को दूर किया जो शुक्लजी के चिंतन में व्याप्त थे।

आधुनिक युग में आलोचना को कृति–संधान का एक शास्त्र मानते हुए उस पर अनेक दृष्टियों से विचार करेगा। निर्णयात्मक आलोचना के विरोध में ही वह आलोचना आई जो साहित्य के विश्लेषण को प्रमुखता देती है। आलोचना ने इस क्षेत्र में काव्य के लिए एक सामान्य मान निर्धारित किया। निश्चित ही आगे की आलोचना में ये मान भी बदले गए, क्योंकि समय के परिवर्तन के साथ साहित्य का कोई भी मान निरंतर नहीं चल सकता अर्थात (समाज, साहित्य और विचारधारा में) परिवर्तन होता है, अतः साहित्य का कोई आदर्श अथवा

अपरिवर्तनीय मान निर्धारित करना अंतिम नहीं है। यह जरूर है कि निर्धारित मानदंड के विवेचन के आधार पर, आनेवाले समय में साहित्य–समीक्षा के नए मान स्वीकार किए जाएँ। आलोचना के मानों को बदलते हुए देखने के लिए हिंदी में दो पुस्तकें उल्लेखनीय हैं : डॉ. शिवकुमार मिश्र कृत 'आलोचना के मान' तथा डॉ. नामवर सिंह कृत – कविता के नए प्रतिमान'। यह एक बड़ा सत्य है कि मनुष्य का मन हजारों अनुकूल और प्रतिकूल धाराओं के संघर्ष से अनुभव और संवेदना ग्रहण करता है। अगर इस सत्य को स्वीकार कर लिया जाए तो साहित्य के मूल्य निर्धारण का कोई एक सामान्य मानदंड नहीं हो सकता क्योंकि साहित्य मनुष्य की इन्हीं बहुरूपी संवेदनाओं और अनुभूतियों का व्यक्त रूप है। जब आलोचक अपनी रूचि को प्रमुखता देते हुए साहित्य का मान निर्धारित करते हैं।

आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने 'हिंदी साहित्य का इतिहास' में प्रभाववादी आलोचना के संबंध में यह मत व्यक्त किया है, आधुनिक आलोचना सबसे पहले साहित्य में निहित समस्याओं को केंद्र में रखना चाहती है। वह यह मानती है कि सामाजिक, आर्थिक तथा अन्य प्रकार की मानव जीवन से संबंधित समस्याओं को समझने–सुलझाने में साहित्य सहायक का काम करता है।

नवीन अवधारणाओं के परिप्रेक्ष्य में आलोचना में आलोचक की दृष्टि संतुलित होनी चाहिए, अतः आज की आलोचना में साहित्य निम्नलिखित कार्य करता है –

1. साहित्य सामाजिक प्रवृत्तियों की बहुविध परख करता है।
2. साहित्य में प्रकट उद्‌गार भाषाबद्‌ध होते हैं।
3. साहित्य दुराग्रही मूल्यों की आलोचना करता है तथा मुक्त मूल्यों का समर्थन।
4. साहित्य में युग सत्य प्रवाहित होता है। अतः समय के साथ वह बदलता भी है।
5. साहित्य का मूल लक्ष्य है मनुष्य की आंतरिक भावनाओं को प्रस्तुत करना।

साहित्य पूरी तरह यथार्थ जीवन पर आधारित हो गया। साहित्य से आध्यात्मिकता, मूल्य, आदर्श दूर होते गए। अब साहित्य का एक मात्र लक्ष्य व्यक्ति और समाज की साधारणता को असाधारण बनाकर अभिव्यंजित करना हो गया।

हिंदी साहित्य के इतिहास में यह द्रष्टव्य है कि हमारे साहित्यकारों ने भी अगर पूरा ग्रंथ नहीं तो एकाध निबंध अवश्य ही अपने समय की आलोचना दृष्टि से टकराते हुए लिखा है। कई रचनाकारों ने अलग से भी आलोचना ग्रंथ लिखे हैं। इसका तात्पर्य यह है कि आधुनिक हिंदी साहित्य में निबंधों का एक ऐसा भंडार है जो आलोचना पर केंद्रित है। यदि इन्हें देखा जाए तो आलोचना के नए–पुराने संदर्भों का परिचय हमें मिल सकता है। साहित्य कोई भी हो, उसकी आलोचना ही उसे सर्वंगीण्ए देख पाती है। आचार्य द्विवेदी की साहित्य की जो परिभाषा यहाँ दी गई है उसे जैसे का तैसा आलोचना पर भी लागू किया जा सकता है।

संदर्भ सूची :–

1. हिन्दी साहित्य का इतिहास, पृ. सं. 5 – 6
2. रामविलास शर्मा, भारतीय भाषा परिवार और हिन्दी
3. खड़ीबोली हिन्दी का सामाजिक इतिहास, ललित मोहन अवस्थी
4. डॉ. शोभा देशपांडे, हिन्दी भाषा तथा साहित्य शास्त्र
5. सृष्टि (पत्रिका), जुलाई, 2008
6. हंस (पत्रिका), राजेंद्र यादव, नवंबर, 2008

बी. श्रीलता,

एम.ए. हिंदी,

मो. 9963108811

Email : latadandu@gmail.com

आलेखसार

साहित्यकारों के भाषा का साहित्य विकास में योगदान

भाषा समाज की संप्तति होती है, जिसके परिवेश में ही उसका अस्तित्व और जीवन शक्ति निहित होती है। आज जो हिन्दी भाषा हमारे देश की राजभाषा, राष्ट्रभाषा का दायित्व सफलता से निभाकर विश्वभाषा की ओर अग्रसर है, वह न तो 'मानस' की अवधी है और न ही 'सूरसागर' की ब्रजभाषा बल्कि खड़ी बोली हिन्दी है। भाषा और सांस्कृतिक मुद्दों को लेकर भारत को बाँटने को षड्यंत्र पश्चिम के विद्वानों ने अपनी स्वार्थी किन्तु कुशाग्र बुद्धि द्वारा भरसक प्रयास कर उसका राजनीतिक लाभ उठाय किन्तु उसने नसीब में हमेशा असफलता ही आयी। भारतीय संस्कृति के अनुरूप ही हिंदी भाषा अनेक भाषा के रचना तत्वों को आत्मसात करके भारत की सामाजिक, संस्कृति के सभी तत्वों की अभिव्यक्ति करते आयी है और सदा करते रहेगी। वर्तमान वैश्वीकरण की प्रक्रिया में उपभोक्तावादी संस्कृति ने भारतीय संस्कृति तथा भाषाओं पर भी आक्रमण कर उसे विचलित (विस्थापित) कर दिया है। आदिकाल से लेकर वर्तमान दौर में चल रहा दलित वर्तमान दौर में चल रहा दलित तथा स्त्रीवादी हिन्दी साहित्य भारतीय संस्कृति का विराट दर्शन कराता है। जिसमें चंदरबदाई, कबीर, रहीम, रसखान, जायसी, तुलसी, अमीर खुसरो, गालिब तथा इकबाल हिन्दू और मुसलमानों के ही कवि नहीं है अपितु संपूर्ण भारत के कवि हैं और इनकी काव्य रचनाओं में प्रयुक्त हिन्दी किसी काल और क्षेत्र से बंधी न होकर समग्र भारतीय समाज की भाषा है, जो भारत की सामाजिक संस्कृति की जड़ों से जुड़े कवि रहे हैं। भारत की संस्कृति को मानवतावादी मूल्यों की पोषक संस्कृति से संपृक्त बना सकते हैं। साहित्य के विश्व प्रसिद्ध आलोचक रोमन याकोब्सन ने आलोचना के विषय में एक प्रेरक बात कही है, ''अगर मनुष्य न होता, तब भी हय दुनिया होती।

बी. श्रीलता,

एम.ए. हिंदी,

मो. 9963108811

Email : latadandu@gmail.com

भारतीय साहित्य में मूल्य और आदर्श

डा. सी.हेच.वी.महालक्ष्मी, सह आचार्या, हिन्दी विभाग, सेट थेरेसा कालेज फर विमेन, एलूरू...पश्चिम गोदावरी जिला।

टे.फो :9490970021

भारत भूमि आदिमानव की प्राचीनतम कर्मभूमि माना जाता है। कुछ पाचीनतम प्रभावों से यह सिद्व होता है। सिंधु घाटी की सभ्यता के विावरतों से भी प्रमाविात होता है कि आज से लगभग पॉच हजार वर्प पहले उत्तरभारत में एक उच्च कोटि की संस्कृति का विकास हो चुका हैं। वेद पुराणों में चर्चित भारतीय संस्कृति इसकी प्राचीनता के साथ...साथ इसकी श्रेप्ठ आध्यात्मिकता की पहचान मान सकते है। इस प्रकार देखने से भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीनतम संस्कृतियों में एक है।

भारतीय अस्मिता की मूल इसकी संस्कृति भी कह सकते है। हजारों वर्पों के बाद भी हमारी यह प्राचीनतम संस्कृति अपने मूल स्वरूप में जीवित है । भारत में नदियों, वृक्षों, सूर्य, तथा अन्य देवी. देवताओं की पूजा प्रचीनकाल से आज तक निरंतर चलती रहती है। गीता और उपनिपदों के संदेष हजारों सालों से हमारी प्रेरणा और कर्म के आधार बने पडे है।

परंपरागत मूल्यों के बारे में धर्मवीर भारती कहते है... पुराने मूल्य अब मिथ्या लगने लगे है। इस प्रकार की श्रद्धा, आस्था और करूणा अमानवीय वृत्तियो को जन्म देती है, वे मानवीय गौरव को प्रतिष्ठित करने की बजाय उसके विकलांग बनाते हैं। जैसे श्रद्धा, आस्था, करूणा , दया आदि मूल्य आज समाज मे कम नजर आते है। उत्कर्ष ही जीवन मूल्यो की कसौटी है, उन व्यवहारों को ही जीवनमूल्य माना जाता हैं। हर एक धर्म मे कुछ नैमिक आदर्श होते है, उनके आधार पर ही समाज मे अनेक मूल्यों का प्रचलन होता रहता है।

भारतीय भाषाओं मे सृजित साहित्य भारतीय साहित्य है। माने काश्मीर से कन्याकुमारी अंतरीप तक व्याप्त भूभाग में जितनी भाषाएॅ हैं, उतनी सभी भाषाओं को अपना साहित्य है। एक कहावत हे कि कोश.. कोश पर बदले पानी, तीन कोश पर बानी। उससे हम अंदाज लगा सकते है कि भारत विभिन्न भाषाओं की जननी है। उन सभी का साहित्य भारतीय साहित्य ही कहा जाता हैं।

साहित्य में जीवन के विविध रूप हमारे सामने आते है। साहित्य का आधार है मनुष्य और उसके बीच का सामाजिक संबंध। मानव समाज में अपने परिवार , रिश्तेदार , अडोस..पडोसवालों और जान... पहचान के लोगों से जिस प्रकार का व्यवहार करता है उसी के द्वारा उसके मूल्यो का निर्धारण होता है। ये सब साहित्य के द्वारा समाज मे व्याप्त होते है। इस प्रकार देखने से साहित्य और मूल्य एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।

डा. जगदीश गुप्त जीवन...मूल्यों को मानवीय मून्य और मानवीय मूल्यों को`भारतीय मूल्य के रूप मे देखते है.... मै समझता हूॅ कि तत्वतः सभी भारतीय मूल्य मानवीय मूल्य है, चाहे वे नैतिक मूल्य हो, चाहे

सौंदर्यपरक मूल्य हेा, या कोई और, पर विशेष अर्थ में मानव मूल्य से है, जो मनूष्य के साथ सहत रूप मे जुडे हुए है। अत5 जीवन मे मूल्यों की प्रतिष्ठा का अर्थ मानवीय मूल्यों की प्रतिष्ठा है उसके बिना मानव का अस्तित्व निरर्थक है''

भारतीयों की एक प्रमुख विषेपता हैं कि लाचीलापन और सहिप्व्युता। हम निर्भीकता सें कह सकते है कि संसार की किसी भी जाति इतनी सहनषीलतानही है । किसी ने ठीक कहा है कि **सहनशीलता आपके अस्तित्व का फैसला करती है।** हिंदू धर्म में देवी.देवताओं की पूजा का कोई बंधन नही है। इसी कारवा हिंदू धर्म को कोई धर्म न कहकर एक जीवन पद्वति की संज्ञा दी गयी। इसी तरह हिंदू का अभिप्राय कोई धर्म विषेप से न होकर भारतीय सेलगाया गया। कभी....कभी इस भारतीय सहिप्व्युता पर जडता की छाया भी पडी तो भगवान बुद्व, महावीर,षंकराचार्य, कबीर, गुरू नानक, स्वमी दयानंद,स्वामी विवेकानंन जैसे महापुरूपों के द्वारा किये गये प्रयास भारतीय अस्मिताकी रक्षा की।

'' अगुनहि सगुनहि नहिं कुछ भेद'

कबीर का कहना है

''तू कहता कागद की लेखी मैं कहता ऑखिन की देखी

रामानंद के अनुसार....

जति....पॉति पूछे नहिं कोई। हरि को भजै हरि का होई।

तेलुगु के प्रसिद्व कवि वेमना कहते है कि...

गुणमुलु कलवानि गुणमेंचगानेल ? गुणमुलु कलवानि नेनि कोटि सेयु।

गुणमु लेकयुन्न गुड्डि गव्वयु लेदु , विश्वदाभिराम विनुरवेमा।।

सद्गुण व्यक्ति की जाति के बारे में पूछने की क्या आवश्यकता है ? उसके गुण ही करोड रूपयों के समान है। उसी प्रकार गुणहीन व्यक्ति फटी कौडी के बराबर है।

कबीर का कहना है कि ...

जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान ।

हिन्दुस्थान की कहानी लिखते हुए पंडित नेहरू जिस अस्मिता की पहचानकी, उसमे उन्होंने दो चीजें खोजीं....ये दोनों भी... कंटीन्युटी और स्टैबिलिटी

यानी निरंतरता और स्थिरता। नेहरू जी ने और एक जगह कहा है कि.....

'' मेरे भीतर पष्चिम और पूर्व का तनाव है, मेरे भीतर प्राचीन औरआधुनिकता का तनाव है।''

भारतीयों की उदार सहिष्णुता के कारवा उनमे ग्रहवाषीलता के गुवा विकसित होने लगें। भारत मे इस्लामी संस्कृति के आगमन के बावजूद भी भारतीयो ने अपनी पृथक अस्तिČव को बचाया। भारत में इस्लामी और इसीई संस्कृतियों के मिलन होने के बाद भी यहॉ के धर्म अन्य देषों के धर्मोंसे भिन्न है। उनकी सामाजिक परिवेष और आचरवा में न कोई भिन्नता पायी जाती हैं और न कोई परिवर्तन। सिर्फ भारतीयता ही उनकी पहचान।

भारतीय पूजा विधान और पाठों से धर्म...अर्थ....काम...मोक्ष आदि चतुर्विध फलों का विवरण कियागया है। भारत के प्राचीनतम धर्म हिन्दू धर्म के साथ...साथ अन्य धर्मों में भी मानव जन्म और इहलोक...परलोक की चर्चा मिलती है। इहलोक कर्मों के अनुसार ही परलोक जीवन होने की बात सभी धर्मानुयायी मानते हैं। विश्व के अन्य कोई संस्कृति में इसकी चिंता नहीं मिलती है। इसलिए हमे यह विपय ध्यान में रखना है कि..

कोई मुश्किल नहीं हिंदू या मुसलमान होना,

हॉ बडी बात हैं इस दौर में इन्सां होना।

भारत भौगोलिक दृप्टि से विविधताओं का देष है। लेकिन प्राचीन कालसे यह एक ही इकाई के रूप मे जाना जाता है। यही नहीं आर्थिक....सामाजिक भिन्नता भी इस देश में परिलक्षित होती है। इन सभी भिन्नताओंके होते हुए भी भारत की अपनी एक अलग सांस्कृतिक सत्ता रही है।

भारत की सभी भाषाओं का साहित्य देवताओं पर आधारित साहित्यहै। नृत्य....गान भी प्रॉतीयता से अलग होने पर भी उनमे अंतर्निहित भारतीयता है। भारत के सभी प्रॉतो मे मानव जन्म , विवाह, और मृत्यु से संबंधित संस्कार हैं। सभी भारतीय भापाओंका विकास चरवा लगभग एकही समय है। इस संदर्भ में हें डा. नगेंद्र की बातें याद रखनाा है.....**यदि आधुनिक भारतीय भाषाओं के समग्र वाडमय का संचयन किया जाए तो किसी भी दृप्टि से यूरोपीय साहित्य से कम नही होगा। वैदिक संस्कार, लौकिक संस्कृति, पालि...प्राकृत एवं अपभ्रंष साहिČय का समावेष करने पह्इसका अनंत विस्तार कल्पना की सीमा को पार कर जाता है।**

भारतीय साहित्य में भारतीय अस्मिता की खोज करना बहुत ही जरूरी है क्योंकि देश के विभिन्न प्रॉतों मे रहनेवाले रचनाकारो का अमूल्य योगदान इसके पीछे है। इस तरह सोचते समय उन सभी भारतीय साहित्यकारो के साथ उनके समय और समाज को समझना होगा। साहित्य मे मिलनेवाला भारतीयता का वास्तविक रूप साहित्य से बाहर भारतीय जीावन में है। इसकेलिए समाज और समय को परखना चाहिए। मेरा कहना है कि विभिन्न प्रॉतों के साहित्यकारो ने भारतीयता की व्यप्ति और दीप्ति की है।

हिंदी साहित्य मे भारतीयता का चमकता रूप हिंदी भक्ति साहित्य में देखने को मिलता है। विद्यापति, जायसी, कबीर, तुलसी, मीरा जैसे हिंदी कवियो ने ही नहीं, अन्नमाचार्य, वेमना, रामदास, वेगमांबा जैसे तेलुगु कवियों ने भी अपनी रचनाओं के माध्यम से भारतीयता की व्याप्ति की।

कबीर ने अपने दोहों से भारतीय समाज में व्याप्त जाति...पॉति के भेद...भाव को मिठाने का प्रयास किया। उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से सामाजिक विषमताओं और अंध विश्वासों को दूर करने का सफल प्रयास किया।

उसी प्रकार तुलसीदास ने भी अपना महाकाय रामचरित मानस में मानवोचित सद्गुंणों की चर्चा की। उन्होंने राम के चरित्र का चित्रण ऐसा किया कि उनसे संबंधित हर एक पात्र ऐसा सोचें कि पुत्र हो तो ऐसाा हों, पति हो तो ऐसा हों, भाई हो तो ऐसा हों...आदि। मीरा के भजनों से हमे ऐसा लगता है कि भक्ति हो तो ऐसा हों।

भक्तिकालीन कवियों ने सत्संगति पर बहुत बल दिया है। उनके अनुसार मानव जिस प्रकार की संगति में आता है, उस पर उसी प्रकार का प्रभाव पडता है। इसलिए कबीर दास कहते है कि सज्जनों की संगति से मानव सब कुछ प्राप्त कर सकता है...

कबिरा संगति साधा की, बेगि करी जै जाई।
छुरमति दूर गांवाइसी, देसी सुमति बताई।।

उसी प्रकार सत्य मानव जीवन का अत्यंत कष्टसाध्य मूल्य है। सत्य सर्वकालीन, सर्वदेशिक मानव मूल्य है। तुलसीदास ने सत्य को धर्म के रूप में दिखाया है.... **धर्म न दूसरा सत्य समाना।**

सत्य ही संपूर्ण पुण्यों का फल है.....**सत्य मूल सब सुकृत सुहाए। वेद पुरान विदित मनु गाए।**

अहिंसा के बारे में तुलसी कहते है कि ....**परम धर्म विदित अहिंसा।**

अन्नमाचार्य ने भी अपने भजन कीर्तनों से सामाजिक एकता की कोशिश की। उन्होंने अपने कीर्तनों से यह निरूपित किया कि ब्रह्म और परब्रह्म में कोई अंतर नही है। ब्राह्ण और अछूत केलिए इस धरती एक ही प्रकार का है।

मेंडैन ब्राह्मणुडु मेट्टु भूमि योकटे
चंडालुडुंडेटि सरि भूमि योकटे।।

ऐसा ही जाति...पॉति का विरोध करते हुए अन्नमय्या का कहना है कि

विजातुलन्नियु वृथा वृथा
अजामिलादुल कदा ई जाति।।

श्री पोतुलूरि वीरब्रह्मम गारू मानव जीवन की क्षण भंगुरता का विवरण देते है कि....

वच्चिंदि तेलियदु, पोयिंदि तेलियदु
मध्यलो मन ब्रतुकु येमौनो तेलियदु
येमि तेलियनि जन्मकु येंदुकुरा गर्वमु

मानव का जीवन क्षण भंगुर है। वह कब कहॉ कैसे जन्म लेता है, उसे पता नहीं, उसी प्रकार कब, कहॉ, कैसे उसकी मृत्यु होती है यह भी पता नही, बीच में उस का जीवन कैसा चलता है यह भी पता नही। इसमें घमंड दिखाने की क्या आवश्यकता है ? ये सब निरर्थक है।

निष्कर्ष के तौर पर हम कह सकते है कि भारतीय साहित्य अभिव्यक्ति में भिन्नता रखते हुए भी भाषागत विविधता के बावजूद अखंड भावात्मक एकता और शिल्पगत एकरूपता रखता है। भारतीय साहित्य का अपना वैशिष्ट्य है जो अपने देश के व्यक्तित्व से मुद्रांकित है।

**** **** ****

संदर्भ ग्रंथ सूची :

1. कबीर ग्रंथावली...डा. श्यामसुंदर दास
2. सूर सागर ... सं. नंददुलारे वाजपेयी
3. नयी कविता, स्वरूप और समस्यायें, डा, जगदीश गुप्त
4. भारतीय अस्मिता की खोज और जवहरलाल नेहरू...डा. नामवरसिंह
5. मध्यकालीन काव्य कुंज...डा. रामरंजन पाण्डेय
6. समीक्षा से समीक्षा तक ... डा. हणमंतराव पाटील

एस.निर्मला

गवर्नमेंट जूनियर कालेज

वड्डादि अनकापल्ली। (जिला)

भारतीय साहित्य में विश्व कल्याण

कल्याण की अवधारणा भारतीय संस्कृति के लिए कोई नया तथ्य नहीं है क्योंकि भारतीय संस्कृति विश्व कल्याण की आधारभूत आवश्यकताओं को सदैव दृष्टि में रखती है। भारतीय संस्कृति व्यक्तिनिष्ठता के साथ ही समाज एवं विश्व की हितेषी भावना को समन्वय के साथ आगे बढ़ाती है। इसका उदाहरण वसुधैव कुटुंबकम की हमारी अवधारणा को माना जा सकता है ,ऐसी कई बातें हम साधारण तौर पर उपयोग में लाते हैं, जो किसी व्यक्ति को अपने स्वार्थों को छोड़कर समाज श्रेयस्कर निर्णय को लेने हेतु प्रेरित करती है अतः इससे संबंधित प्रयत्न व्यक्ति को नियमों रीति-रिवाजों एवं परंपराओं से बांध कर रखते है जिसका उद्देश मनुष्य को एक ऐसे वातावरण का निर्माण करना होता है जो उसके लिए और समाज के लिए हितकर होता है।

किसी भी क्षेत्र के सांस्कृतिक रूप का चित्रण उसके साहित्य में देखा जा सकता है, साहित्य रूपी सरिता मानव कल्याण रूपी समुद्र में विलीन होकर सार्थक हो जाती है जिस प्रकार संस्कृति की विविधता और सौंदर्य का दर्शन हम साहित्य में देखते हैं वह भारतीय ही नहीं वरन् विश्व साहित्य का एक गुण है।

साहित्य में मानव कल्याण की भावना व्यक्तिगत स्तर पर प्रारंभ होकर जीवन के उच्चतम आदर्शों को स्थापित करने में प्रयत्न रत रहती है ।हजारी प्रसाद द्विवेदी कृत अनामदास का पोथा उपन्यास एक व्यक्ति के उत्थान की गाथा है ,इस उपन्यास के मुख्य पात्र रैक्व एवं जबाला दोनों ही अपने ज्ञान को कई गुरुओं एवं बड़ों के पास से सीखते रहते हैं वे प्रकृति के रहस्यों को उद्घाटित करने में लीन रहते हैं जिससे वे अपनी व्यक्तिगत परिधि को विस्तृत कर असीम ज्ञान के क्षेत्र में पहुंच जाते हैं जो उन्हें तो संतुष्ट करता ही है और साथ ही समाज के लिए भी उपयोगी सिद्ध होता है। रैक्व हवा को ही समस्त प्रकृति का मूल मानता है किंतु जबाला उसे जल पृथ्वी और अन्य शक्तियो से भी परिचित कराती हैं ।रैक्व सभी शक्तियों से संबद्ध अपने ज्ञान को गुरुओं के समक्ष रखकर उनका विश्लेषण कर ऐसा दीप बन जाता है जो समाज और विश्व को प्रकाशित करने का सामर्थ्य रखता है। जयशंकर प्रसाद कृत कामायनी का मुख्य पात्र मनु ऐसी ही तलाश में अपना जीवन बिताता है। मनु की दौड़ उसे स्थिरता की ओर लाती है और श्रद्धा उसे जीवन में आस्था के महत्व को समझाती है। मनुष्य की वैचारिक सीमा का विस्तार करने में साहित्य सदैव ही सक्षम है किंतु जिन पात्रों को हम इन समस्याओं से निपटने और उनका समाधान ढूंढने में प्रयत्नशील पाते हैं उनमें एक उन्नत व्यक्तित्व का निर्माण होता है और यह परिपक्वता व्यक्ति को सामाज में परिवर्तन लाने में सक्षम बनाती है।

भारतीय संस्कृति मनुष्य को चिंतन मनन की प्रवृत्ति की ओर अग्रसर करती हैं और यह क्रांतिकारी परिवर्तन कई महान पुरुषों में हम देख चुके हैं । गिरीराज किशोर रचित पहला गिरमिटिया उपन्यास में मोहनदास के गांधी बनने की कथा भी इसी चिंतन मनन पर आधारित है। मोहनदास गीता और बाइबल को एक ही समान पढते है एक ही समान उनके निष्कर्ष निकालते है और अपने लिए उत्तम चुनते है। यद्यपि मोहनदास कई बातों को सीखते है किंतु वह उन्हीं तथ्यों को अपने आचरण में लेते है जो अंततः मानव कल्याण के लिए आवश्यक है। युगपुरुष के रूप में

गांधी का नाम अमर होने का यह कारण है कि उन्होंने अपने चिंतन मनन का धार्मिक ग्रंथों से मंथन किया और उन्हें जो जीवन के उच्चतम आदर्श आवश्यक लगे उन्होंने उसे अपने जीवन में ढाल दिया और उसका परिणाम हम सभी जानते हैं। भारतीय संस्कृति की अतंसलिला वे सभी उपनिषद और पुराण हैं जो व्यक्ति को त्याग एवं क्षमा के आदर्शों पर चलने एवं कठिन जीवन जीने हेतु प्रेरित करते हैं। इससे संबंधित नियम है जो संस्कारों एवं रीति-रिवाजों के रूप में हमें दिखाई देते हैं, किसी भी नियम को मानने की प्रतिबद्धता व्यक्तिगत स्तर पर आवश्यक मानी गई है , किंतु हम ऐसे कई उदाहरण देखते हैं जो इन नियमों की अवहेलना करते हुए भी अंततः मानव कल्याण करना चाहते हैं । नरेंद्र कोहली कृत महासमर उपन्यास के पात्रों में कृष्ण का पात्र हम इसी रूप में देख सकते हैं ।वह नियमों को भी तभी तक मानते हैं जब तक वह समाजोपयोगी सिद्ध नहीं होते, कृष्ण किसी ऐसे भी नियम को तोड़ने में नहीं हिचकते जो व्यक्ति को उसकी स्वतंत्रता एवं अधिकार से वंचित करें, ऐसे उदाहरण नरेंद्र कोहली रचित महासमर उपन्यास में कई संदर्भ में हम देखते हैं। अभिज्ञान उपन्यास में कृष्ण का दूसरा रूप हमें दिखाई देता है, व्यक्ति को सामाजिक नियमों के अनुसार चलने के साथ ही लौकिक ज्ञान की आवश्यकता पर भी बल देते हैं। सुदामा की दरिद्रता ज्ञान की कमी के कारण नहीं है केवल समाज में व्याप्त कुरीतियां एवं चालाकियो का अभाव सुदामा जैसे विद्वान के दरिद्रता में रहने का कारण है किंतु कृष्ण उस व्यवस्था के खिलाफ जाने से बेहतर सुदामा को यह बताने के प्रयत्न करते हैं कि यदि इतना ज्ञान है तो समाज के आवश्यकतानुसार हम अपने आप को परिवर्तित क्यों नहीं कर सकते। कृष्ण यह प्रश्न करते है कि क्या कारण है सुदामा जैसा विद्वान दरिद्र रह जाए ,यह समाज की क्षति है ,साथ ही सुदामा का दरिद्रता में रह जाना भी ऐसे व्यवस्था की जीत है जो समाजोपयोगी नहीं है इसके लिए केवल समाज को दोष देना या व्यवस्था को दोष देना उचित नहीं है वरन् यह जरूरी है कि सुदामा जैसा विद्वान समाज में अपने स्थान के लिए संघर्ष करें ,उसके लिए आवश्यक सभी गुणों को अपने अंदर उत्पन्न करें और फिर उस व्यवस्था का हिस्सा बने , जिसका वह अधिकारी हैं।

सत्यम शिवम सुंदरम की अवधारणा भारतीय संस्कृति के उच्चतम मूल्यों में से एक है, सत्य का सुंदर रूप यद्यपि समाज में हमें कम दिखाई देता है किंतु मनुष्य उसे देख कर और समझ कर ही अपना सकता है। ऐसा सच जो हमारे समक्ष समाज की सारी परतों को खोल कर रख दें, जिसे देखना और सुनना हमें अशोभनीय लगता है। किंतु क्या उसे जाने समझे बिना बदला जा सकता है ।समाज के कई वर्ग पीड़ा के साथ जीवन बिताते हैं तो क्या साहित्य मैं निहित मानव कल्याण की भावना उन सभी को उपेक्षित कर सकती है। इसका उदाहरण हमें विश्वकवि रविंद्रनाथ टैगोर की रचनाओं में दिखता है ,उनकी गीतांजलि की कविताओं में प्रार्थना पीड़ित वर्गों के लिए है, उनकी ललिता नामक कहानी में स्त्रियों के जीवन की विषमता को चित्रित किया गया है। यही तथ्य तेलुगु रचयिता राऊरी भारद्वाज की जीवन समरम नामक कहानियों में देखने को मिलता है इस कहानी संग्रह में 52 छोटी कहानियां है। इन कहानियों में घरों के आसपास दिखने वाले कामगार, दुकानों में काम करने वाले साधारण लोगों के जीवन की पीड़ा एवं उन समस्त समस्याओं का वर्णन मिलता है जो इनके जीवन का हिस्सा बन चुका है ।वे अब उन कठिनाइयों से जूझने के इतने आदी हो चुके हैं कि अब उन्हें वही जीवन सुंदर और उपयोगी लगने लगता है अपने दुख के साथ ही वे अपनी कथा बताते हैं। यह कहानी संग्रह राहुरी भरद्वाज की लेखन कुशलता को व्यक्त करता है ।लेखक अपनी व्यक्तिगत भावनाओं को किसी पात्र में आने नहीं देता ।जीवन के सच्चे एवं गहन दर्शन से परिचित कराना लेखक का उद्देश्य है। बिना किसी लाग लपेट के पात्र अपनी कहानी कहते चलते हैं। इसी प्रकार चलम की कहानियों में स्त्री विमर्श अपने शिखर पर दिखाई देता है स्त्री विमर्श की ऐसी अभिव्यक्ति दुर्लभ है चलम की कहानियां छोटी और धारदार हैं। यह समाज की विषमताओं को बखूबी व्यक्त करती है। इस प्रकार लेखक जीवन के

सौंदर्य को सत्य में देखते हैं ,इन कहानियों और रचनाओं को पढ़कर हमें उन पात्रों के प्रति सहानुभूति होती है साथ ही यह रचनाएं किसी कलाकार की सुंदर आकृति की तरह हमारा मन मोह लेती है। पाठक गण इन्हें पढ़कर केवल तृप्त ही नहीं होते वरन् कई सवालों से भी जूझते हैं और अंततः उन सवालों को समाज के समक्ष प्रस्तुत करते हैं। ऐसे ही जवाबों से समाज में परिवर्तन देखा जा सकता है अतः सत्य को सुंदर एवं आवश्यक मानना और उसे समझना भी हमारी भारतीय संस्कृति का एक हिस्सा है जो अंततः साहित्य के माध्यम से व्यक्त होता है।

जिस प्रकार नारद मंत्र विद हो चुके हैं और आत्मविद होने के लिए ऋषि सनत कुमार की शरण में जाते हैं इसी प्रकार भारतीय संस्कृति हमें नियमों के साथ ही आत्मज्ञान का भी उपदेश देती है हमारी गुरुकुल परंपरा में गुरु के समक्ष यह प्रश्न सदैव पूछा जाता है कि इस जीवन में सबसे प्रमुख चीज कौन सी है और अंततः इसका जवाब हमें मिलता है कि प्राण ही वह तथ्य है जो सबसे मुख्य है अतः इस प्राण की रक्षा और इसे बाधित करने वाली सभी समस्याओं को निपटना आवश्यक है और भारतीय साहित्य हमें सदैव यह बताने का प्रयत्न करता है कि व्यक्ति किसी संस्था अथवा किसी परिस्थिति से किस प्रकार बाधित और पीड़ित है और उसकी पीड़ा दूर करने के उपाय क्या हैं। इसी पीड़ा को दूर करने के लिए गुजराती कवि नरसी मेहता ने वैष्णव जन तो तेने कहिए ,का गीत गाया था ।भक्ति, पीड़ित व्यक्तियों का दुख दूर किए बिना अधूरी है ।

असदो मां सदगमया का मंत्र हमारा मूलमंत्र है। बृहदारण्यक का यह मंत्र हमारी सांस्कृतिक विरासत को अभिव्यक्त करता है ।अंधकार से प्रकाश की ओर असत्य से सत्य की ओर चलना भारतीय साहित्य की मूल भावना को व्यक्त करता है जो अंततः विश्व कल्याण की भावना को सुदृढ़ करता हैं।

साहित्य एवं समाज के अंतर्संबंध
(आदिकाल से वर्तमान काल तक)

आज के वैज्ञानिक तकनीकी युग में जहाँ जीवन और समाज के मूल्यों की नई इबारतें थर्ड जेनरेशन के हार्ड डिक्स में लिखी जा रही हैं वहाँ अक्सर इस तरह के प्रश्न उठते रहते हैं कि साहित्य जैसी कलाएँ जो जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं को पोषित नहीं करतीं उनकी कोई प्रांसगिकता है या नहीं या वो सामज से जुड़ी होती हैं या नहीं। इस प्रश्न पर गौर करने से पूर्व हमें ये जानना आवश्यक है कि आखिर साहित्य क्या है ? साहित्य के शाब्दिक अर्थ पर गौर करें तो ये संस्कृत के 'सहित' शब्द से बना है। संस्कृत के विद्वानों के अनुसार साहित्य का अर्थ है – ''हितेन सह साहि तस्य भवः।'' अर्थात् – कल्याणकारी भाव इस प्रकार कहा जा सकता है कि साहित्य लोककल्याण के लिए सृजित किया जाता है। साहित्य को लेकर तमाम साहित्यकारों ने भी अपने–अपने विचार व्यक्त किये हैं। आचार्य रामचन्द्रशुक्ल ने जहाँ साहित्य को 'जनता की चित्तवृत्ति का संचित प्रतिबिंब माना है वहीं आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने साहित्य को – 'ज्ञानराशि का संचित कोश' कहा है। और पंडित बाल कृष्ण भट्ट जैसे साहित्यकार को साहित्य 'जन समूह के ह्रदय का विकास' लगता है।

हम अगर मानव सभ्यता के विकास पर नजर डालें तो पायेंगे इसके विकास में साहित्य का बहुत ही महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। विचारों ने साहित्य को जन्म दिया तथा साहित्य ने मानव की विचारधारा को गतिशीलता प्रदान की। उसे सभ्य बनाने का कार्य और विचारधारा में परिवर्तन लाने का कार्य साहित्य द्वारा ही किया जाता है। इतिहास इस बात की साक्षी है कि किसी भी राष्ट्र या समाज में आज तक जितने भी परिवर्तन आये वे सब साहित्य के माध्यम से ही आये। पश्चिम के एक महान विचारक John William hey ने साहित्य के बारे में अपने विचार दिए है कि ''It may fairly be said that with him literary theory really begins what he did was to make later criticism possible. He set men thinking, he gave

inspiration and direction to critical effort and at the same time he supplied ideas for the generation to come''[1]

साहित्य एवं समाज के बीच अंतर्संबंध की अगर हम गहन रूप से जाँच करें तो पायेंगे कि इन दोनों का सम्बन्ध आदिकाल से चला आ रहा है। हिन्दी साहित्य की बात करें तो ये दौर मुख्यतः सिद्धों, नाथों एवं रासों काव्यों (संवत 1050 से लेकर 1375 संवत) का था। एक ओर सिद्ध एवं नाथ जहाँ जाति–पाँति, ऊँच–नीच का भेद शास्त्रीविजड़ित तत्वबाद और बाह्मंडवर का विरोध करते हैं वहीं रासों काव्य से हमें उस दौर के समाज का वीर गाथात्मक रूप देखेने को मिलता है। 'वीर गाथात्मक काव्य एक तरह से उस दौर की साफ झलक हमारे सामने रखते हैं और ये दिखाते हैं कि समाज में उस वक्त भयंकर युद्ध चल रहे थे एवं साहित्य उनसे कटा नहीं था दूसरी ओर सिद्धों–नाथों की वाणियों से उस दौर में सामाजिक और धार्मिक रूप से प्रगतिशीलता साहित्य में देखने को मिलती है। इस प्रकार हम देख पाते हैं कि आदिकाल में साहित्य और समाज किस प्रकार जुड़ा था।

इसके बाद 14वीं शदी एक ऐसा दौर जब पूरे देश में मुस्लिम राज्य प्रतिष्ठित हो रहा था तब हिन्दू जनता के हृदय में गर्व और उत्साह के लिए वह आकाश न रह गया। उसके सामने ही उसके देव मन्दिर गिराए जाते थे, देव मूर्तियाँ तोड़ी जाती थी ऐसे हालात में वे वीरगाथा काल की तरह न तो अपने वीरता के गीत गा सके न ही बिना लज्जित हुए रह सके। अब इस परिस्थिति में हताश हिन्दू समुदाय भक्ति की ओर अग्रसर हुआ और ठीक यही राय आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का भी है। भक्ति भी यहाँ दो धाराओं में बह गयी जिन्हें में सगुण एवं निर्गुण भक्ति मार्ग के नाम से जानते हें। चूँकि इस दौर में समाज भक्ति की ओर आसक्त था तो समाज की मुख्य प्रवृत्ति भक्ति ही रही और वो कभी ज्ञान मार्गी कवि कबीर, नानक, दादू जैसे लोग लेकर सामने आये जिसमें मुख्यतः कबीर प्रमुख थे जो बौद्धसिद्धों के समान ही समाज को लेकर चिन्तित दिखते हैं, जाति पाँति का वैसा ही आक्रोशपूर्ण विरोध बाह्माडंबर के प्रति ही कड़ी फटकारें, आत्मसक्षात्कार की वैसे ही गवोक्ति उनमें मिलती है।

डॉ. बच्चन सिंह तो यहाँ तक कहते हैं कि – ''कबीर पहले व्यक्ति है जिन्होंने विभिन्न धर्मों, संप्रदायों, वर्णों को नकारकर ऐसे समाज की स्थापना का प्रयास किया जिसमें धर्म, संप्रदाय, ऊँच–नीच के भेद–भाव के लिए कोई स्थान नहीं है। उनके समाज में न कोई हिन्दू है, न मुसलमान सब मनुष्य हैं, कोई किसी से छोटा–बड़ा नहीं है। पीड़ित, शोषित, अपमानित, जनसमाज के दुःख से जितना सरोकार कबीर का है उतना भक्तिकाल के किसी अन्य कवि का नहीं।''[2]

इस प्रकार हम देख पाते हैं कि किस प्रकार उसे दौर में निर्गुण भक्ति के संत सामाजिक सरोकारों से जुड़कर साहित्य रचना कर रहे थे। इसी की एक शाखा सूफी प्रमाख्यान की भी थी जिसमें जायसी, कुतुबन, मंझन जैसे प्रेम के पथिक अपने प्रेम से समाज में प्रेम प्रार्दुभाव उत्पन्न कर रहे थे। ये प्रेम हमें जायसी के इस पंक्ति में सहज ही दिखा जाता है जहाँ वे कहते हैं – 'मानुष प्रेम भयउ बैकुंठी। नाहित काह छार भई मूठी।'[3]

इसी प्रकार का प्रेम भाव एवं एक आदर्श समाज के लिए सगुण भक्त भी प्रतिबद्ध थे जिनमें सबसे प्रमुख भूमिका 'तुलसीदास सूरदास रहीम, केशव, मीराबाई जैसे रचनाकारों ने अदा की। जिसका चरम उत्कर्ष हमें – रामचरित मानस में देखने को मिलता है इसके माध्यम से तुलसीदास समाज को एक आदर्श चरित्र के रूप में राम और आदर्श राज्य के रूप में 'राम राज्य' को जनता को देते हैं ये अपने समाज के प्रति गहरा लगाव ही था जो साहित्य के माध्यम से साकार हुआ। इस प्रकार हम देख सकते है। कि पूरा का पूरा मध्यकाल का साहित्य अपने समय के समाज से कहीं गहराई से जुड़ा हुआ था एव ंहमेशा उसके सुधार लिए चिन्तित था तो ऐसे में ये कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि उस दौर में भी साहित्य समाज का प्रतिबिम्ब था।

मध्यकाल के बाद का समय एक ऐसा समय था जब मुस्लिम समदुाय एवं हिन्दू दोनों एक दूसरे के आचार व्यवहार से प्रभावित हो रहे थे। भक्ति अब धीरे–धीरे दरबारी काव्य में बदलने लगा था। इसलिए उस दौर की मुख्य प्रवृत्ति दरबारी काव्य रही और उसकी मुख्य वजह थी कि ज्यादातर साहित्यकार राज्याश्रित होते थे एवं उन्हें राजाओं द्वारा संरक्षण प्राप्त

होता था। फिर भी ऐसा बिल्कुल नहीं है कि इस काल में केवल रिति ग्रंथों की रचनायें हुई। इसके विपरित शिवाबावनी, छत्रसाल दशक जैसी रचनयें भी लिखी गयी जो वीरगाथात्मक प्रवृत्ति की थी। एवं इस दौर में हमें सच्चे प्रेम की व्यंजना भी दिखाई पड़ती है। डॉ. रामधारी सिंह दिनकर घनानन्द के इसी प्रेम के बारे में कहते हैं – ''दसूरों के लिए किराए पर आँसू बहाने वालों के बीच यह एक ऐसा कवि है, जो सचमुच अपनी पीड़ा में ही रो रहा है।'' ऐसा नहीं है कि इस दरबारी युग में धार्मिक आडंबरों और सामाजिक अव्यवस्थाओं के खिलाफ किसी ने सवाल नहीं उठाया पर हाँ इसकी मात्रा अवश्य कम रही। हमें बिहारी के सतसई में भी कहीं–कहीं सामाजिक अवव्यवस्थाओं एवं धार्मिक आडम्बरों के खिलाफ व्यंग्य दिख जाता है। इस प्रकार पता लगता है कि इस काल का साहित्य एवं उनकी प्रवृत्तियाँ, अलंकार, रस, ध्वनि नायिका भेद के अलावा समाज की समस्याओं से भी जुड़ा था हाँ ये अवश्य है कि उनकी मात्रा कम ही थी।

समाज एवं साहित्य का ये सम्बन्ध आधुनिक युग आते–आते एक नया मोड़ लिया 19वीं सदी में हिन्दी साहित्य में एक नये तरह के साहित्य का विकास हुआ जिसे हम गद्य साहित्य के नाम से जानते हैं ''दरअसल इस गद्य साहित्य का विकास ही समाज चिन्तन से लेकर उपजा था उसका सबसे बड़ा कारण ये था कि रचनाकार पद्य के माध्यम से विचार नहीं रख सकते एवं उस दौर की माँग क्या थी इस पर विचार करें तो पता लगेगा की। 19वीं सदी एक ऐसा दौर जब मुगलों, मुस्लिमों, का शासन काल धीरे–धीरे समाप्त हो गया था और अंग्रेजों ने सत्ता की बागडौर को थाम रखा था। भारत एक गुलाम देश था और यहाँ के लोग अब इससे आजादी चाहते हैं। यही कारण था कि इस दौर के शुरूआत में देश प्रेम एवं स्वतंत्रता के लिए साहित्य का मुख्य विषय रहा शायद यही कारण है कि इस दौर के ज्यादातर रचनाकार एक पत्रकार भी थे एवं समाज के प्रति अपनी संवेदनात्मकता पत्र–पत्रिकाओं के माध्यम से प्रदर्शित कर रहे थे। इस दौर में कुछ ऐसी रचनायें लिखी गयी जो समाज में मशाल की तरह जलीं शायद इसलिए उस दौर के शासक उन पर पाबंदी लगा दिए जैसे – प्रेमचन्द की रचना, 'सोजेवतन' या उपेन्द्रनाथ अश्क की रचना – 'चिंगारियाँ' आदि।

उस दौर में साहित्य एवं समाज का सम्बन्ध देखना हो तो हम उन तमाम रचनाकारों को याद कर सकते हैं जिनका साहित्य समाज से जुड़ा हुआ है। उदाहरण के तौर पर हम प्रेमचन्द जैसे रचनाकार के साहित्य पर नजर डाल सकते हैं जिनका पूरा साहित्य ही समाज के सरोकारों से जुड़ा हुआ हे। उनकी हर एक कहानी किसी न किसी सामाजिक समस्या से जुड़ी हुई होती है। शायद इसीलिए, घीसू, माधव, हल्कू, होरी जैसे पात्र हमारे समाज में आज भी यूँ ही देखने को मिल जाते हैं।

अगर गौर से देखें तो हर दौर का रचनाकार एवं उनका साहित्य हमेशा से समाज से कहीं गहराई से जुड़ा हुआ है, वो समाज में फैले कुरितियों से हमेशा से लड़ता ही आया है चाहे वो नागार्जुन, परसाई, शरदजोशी जैसे रचनाकारों का व्यंग्य हो या फिर यशपाल का 'झूठा सच' हो या फिर भीष्म साहनी का विभाजन की त्रासदी पर लिखा गया उपन्यास ही क्यों न हो हर जगह हमें समाज की एक सच्चाई दिखती है।

इसीलिए अरूण कमल जी की ये बात बिल्कुल सच लगती है – ''हमारे समाज में पहले ऐसी बहुत सी आवाजें थी – धर्म की, साधुओं की, राजनेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं की, एवं स्वयं समाज में एक ऐसे नैतिक आचरण की जो अपने होने भर से समस्त पापाचार का प्रतिवाद लगता था आज ऐसी कोई आवाज़ नहीं है। इक्का–दुक्का उपवादों को छोड़ दे तो अब यह आवाज़ केवल साहित्य की आवाज़ है।''

आधुनिक युग के बाद साहित्य में एक नया युग आया जिसे आज हम 'उत्तर आधुनिक विमर्श' के नाम से जानते हैं। जिसमें प्रमुख रूप से शोषित वर्गों पर हो रहे शोषण के प्रति सबसे पहले साहित्य में आवाज़ उठी। जिसे हम–नारी विमर्श, दलित विमर्श, आदीवासी विमर्श के नाम से जानते हैं। साहित्य हमेशा से समाज से जुड़ा हुआ है ये बात हमें तब और सच लगने लगती है जब नारी विमर्श में खुद नारी अपने ऊपर हुए शोषणों का विरोध करती है, आदिवासी लोग अपने जल, जगल, ज़मीन की समस्या समाज के सामने अपने साहित्य के माध्यम से रखते हैं और एक दलि अपनी रोती हुई संवेदनाओं का दास्ताँ दलित विमर्श के माध्यम से रखता है।

इस प्रकार ये बात सहज ही स्पष्ट हो जाती है कि साहित्य एवं सामज हर समय से एक दूसरे के विभिन्न अंग रहे हैं। किसी एक का अकेले कोई महत्त्व नहीं दोनों एक साथ होकर ही अपनी सार्थकता को बनाये रख सकते हैं। और साहित्य एवं समाज के ये संबंध आदिकाल से वर्तमान काल तक जिस प्रकार बना हुआ है जाहिर है तब तक ये सम्बन्ध बना रहेगा जब तक मानव समाज का अस्तित्व इस धरती पर रहेगा।

संदर्भ ग्रंथ :–

1. हिन्दी साहित्य का दूसरा इतिहास – बच्चन सिंह, पृ. सं. 91
2. पदमावत – संपादक – वासुदेवशरण अग्रवाल
3. गोलमेज – अरूण कमल, पृ. सं. 140

सहायक ग्रंथ :–

1. हिन्दी साहित्य का इतिहास – रामचन्द्र शुक्ल
2. भक्ति आन्दोलन और भक्ति काव्य – शिवकुमार मिश्र
3. साहित्य और इतिहास दृष्टि – मैनेजर पाण्डेय
4. समकालीन हिन्दी साहित्य विविध विमर्श – प्रो. श्रीराम शर्मा

डॉ. के. श्याम सुंदर,
एसोसिएट प्रोफेसर,
सेंट आन्स डिग्री कॉलेज फर उमेन,
मल्लापूर, हैदराबाद,
मो. 9848285647,
Email : shyamsunder.kondaveeti@gmail.com

आलेखसार

साहित्य एवं समाज के अंतर्संबंध

(आदिकाल से वर्तमान काल तक)

आज के वैज्ञानिक तकनीकी युग में जहाँ जीवन और समाज के मूल्यों की नई इबारतें थर्ड जेनरेशन के हार्ड डिक्स में लिखी जा रही हैं वहाँ अक्सर इस तरह के प्रश्न उठते रहते हैं कि साहित्य जैसी कलाएँ जो जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं को पोषित नहीं करतीं उनकी कोई प्रांसगिकता है या नहीं या वो सामज से जुड़ी होती हैं या नहीं। हम अगर मानव सभ्यता के विकास पर नजर डालें तो पायेंगे इसके विकास में साहित्य का बहुत ही महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। साहित्य एवं समाज के बीच अंतर्संबंध की अगर हम गहन रूप से जाँच करें तो पायेंगे कि इन दोनों का सम्बन्ध आदिकाल से चला आ रहा है। हिन्दी साहित्य की बात करें तो ये दौर मुख्यतः सिद्धों, नाथों एवं रासों काव्यों (संवत 1050 से लेकर 1375 संवत) का था। इसके बाद 14वीं शदी एक ऐसा दौर जब पूरे देश में मुस्लिम राज्य प्रतिष्ठित हो रहा था तब हिन्दू जनता के हृदय में गर्व और उत्साह के लिए वह आकाश न रह गया। डॉ. बच्चन सिंह तो यहाँ तक कहते हैं कि – ''कबीर पहले व्यक्ति है जिन्होंने विभिन्न धर्मों, संप्रदायों, वर्णों को नकारकर ऐसे समाज की स्थापना का प्रयास किया जिसमें धर्म, संप्रदाय, ऊँच–नीच के भेद–भाव के लिए कोई स्थान नहीं है। इस प्रकार हम देख पाते हैं कि किस प्रकार उसे दौर में निर्गुण भक्ति के संत सामाजिक सरोकारों से जुड़कर साहित्य रचना कर रहे थे। इसी प्रकार का प्रेम भाव एवं एक आदर्श समाज के लिए सगुण भक्त भी प्रतिबद्ध थे जिनमें सबसे प्रमुख भूमिका 'तुलसीदास सूरदास रहीम, केशव, मीराबाई जैसे रचनाकारों ने अदा की।

डॉ. के. श्याम सुंदर,

एसोसिएट प्रोफेसर,

सेंट आन्स डिग्री कॉलेज फर उमेन,

मल्लापूर, हैदराबाद,

मो. 9848285647,

Email : shyamsunder.kondaveeti@gmail.com

भारतीय संस्कृति में नैतिक मूल्य

संस्कृति शब्द का संबंध संस्कार से हे, जिसका अर्थ है संशोधन करना, उतम बनाना, परिष्कार करना। संस्कार व्यक्ति के भी होते है और जति के भी। जीतय संस्कारों को ही संस्कृति कहते हैं। संस्कृति एक समूहवाचक शब्द है। संस्कृति का बाह्म पक्ष भी होता है और आंतरिक भी। हमारे बाह्म आचार, हमारे विचारों औरा मनोवृतियों के परिचायक होते हैं। संस्कृति एक देश–विदेश की उपज होती है इसका संबंध देश के भौतिक वातावरण और उसमें पालित, पोषित एवं परिवर्धित विचारों से होता है। ''संस्कृति शारीरिक या मानसिक शक्तियों का प्रशिक्षण, दृढ़करण वा विकास अथवा उससे उत्पन्न अवस्था है। यह मन, आचार अथवा रूढ़ियों की परिष्कृति या शुद्धि है। यह सभ्यता के भीतर से प्रकाशित हो उठता है।''[1] संस्कृति की परिभाषा बतलाते हुए श्री टयलर ने कहा ने – ''समाज के सदस्य के नाते मनुष्य जो ज्ञान, विश्वास, कला, नीति, कानून, रीति–रिवाज या अन्य कोई योग्यता प्राप्त करता है, उन सबके जटिलता पूर्ण सग्रह को संस्कृति कहते हैं।''[2]

भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीनतम संस्कृतियों में अग्रणी रही है। नियमित आचार पद्धति एवं संस्कार युक्त जीवन विधा जैसी इसकी अपनी अलग विशेषताएँ इसे विश्व की प्राचीन संस्कृतियों में विशिष्टता प्रदान करनी है। इसकी उदारता तथा समन्वयवादी गुणों ने अन्य संस्कृतियों को समाहित तो किया है किंतु अपने अस्तित्व के मूल को सुरक्षित रखा है।

भारतीय समाज मूल्य प्रधान समाज है। भारतीय संस्कृति में मूल्यों को मनुष्य के सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक जीवन में विशेष स्थान दिया गया है क्योंकि मूल्यों के वास्तवीकरण का नाम ही संस्कृति है।

''नैतिक मूल्य ही मानवता की पहचान होती है।''[3] सदियों से भारत की संस्कृति नैतिक मूल्यों व गुणों से परिपूर्ण है। हमारी संस्कृति नैतिक आचार–विचार व व्यवहार का पालन करने के लिए सदैव प्रेरित करती है परम्तु दुख की बात यह है कि आज जीवन के हर एक क्षेत्र से नैतिक मूल्य पतन की ओर ही जा रहे हैं। नैतिकता वह है जो हमारे विचार, कर्म और व्यवहार

के सद्‌गुणों से प्रेरित हो और वे संस्कृति तथा समाज के हित के लिए हो। ऐसे विचरों को अपनाना ही नैतिकता है। जब किसी बड़े संकट में पड़ने पर भी यदि हम अपने आध्यात्मिक गुणों का पलन करते हुए अपने कर्म के प्रति सदाचरण बनाये रखें तो वही नैतिक है। नैतिक

मूल्य ही हमें उचित–अनुचति, अचार–व्यवहार का ज्ञान कराते हैं। हमारी संस्कृति महान है। हमारे इतिहास में अनेक ऋषि मुनियों, महापुरूषों व श्रेष्ठ साधकों के उदाहरण मिलते हैं, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज को एक नई दिशा प्रदान करने में लगा दिया।

किसी भी व्यक्ति में नैतिक मूल्य का होना ही धर्म है। नैतिक मूल्यों के अनुरूप आचरण ही उसे चरित्रवान बनाता है। दूसरे शब्दों में नैतिक मूल्यों का पालन ही सदाचार है। सदाचार ही व्यक्ति को देवत्व की आरे ले जात है और दुराचार पशुत्व की ओरा राम, कृष्ण, गौतम बुद्ध आदि को हम इसलिए ईश्वर मानते हैं क्योंकि उन्होंने नैतिक मूल्यों के अनुरूप ही कर्म किया। नैतिक मूल्यों के अंतर्गत सत्यप्रियता, त्याग, उदारता, विनम्रता, हृदय की सरलता और अभिमान हीनता के बारे में सभी को पता है पर इन मूल्यों के अनुरूप आचरण करनेवाला व्यक्ति ही म्हान कहलता है। सदगुणों को अपनाकर ही हमें सच्चा सुख, संतोष और आनंद प्राप्त हो सकता है। सत्य, विनय, क्षमा, वीरता, निर्भीकता, सहानुभूति, स्नेह आदि ये सारे नैतिक मूल्य व्यक्ति को चरित्रवान बनाते हैं।

वास्तव में नैतिक मूल्य नैतिक आचरण की संहिता है। नैतिक मूल्यों का विस्तार व्यक्ति से विश्व तक तथा जीवन के सभी क्षेत्रों में होता है। व्यक्ति, परिवार, समुदाय, समाज, राष्ट्र से मानवता तक नैतिक मूल्य की यात्रा होती है।

मर्यादा पुरूषोत्तम राम नैतिकपूर्ण जीवन के आदर्श प्रतीक हैं। उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए हनुमानजी ने अमरत्व प्राप्त कर लिया। नैतिकतापूर्ण व्यवहार की अभिव्यक्ति हमें महर्षि दधीचि, स्वामी विवेकानंद और डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर जैसे महापुरूषों के जीवन में भी दिखती है। बिना नैतिकता के आत्मोन्नति असंभव है। नैतिकता से मनुष्य के साथ–साथ समाज और राष्ट्र का भी उत्थान होता है। जो समाज नैतिकता से विमुख हो जाता है उसकी अवनति निश्चित है इसीलिए सभी लोगों को नैतिकता के मार्ग पर चलना चाहिए।

नैतिक मूल्य एक तरह से भारतीय संस्कृति की पहचान है। लेकिन दुख की बात तो यह है कि आज की पीढ़ी इस धरोहर को नष्ट करती जा रही है। युवाओं का रूखा व्यवहार, बडों के प्रति अनादर, कुतर्क आदि इसी को दर्शाते हैं, परंतु आज से कुछ दशक पूर्व बड़ों का आदर करना, उनका खयाल रखना, उनके आदेशों का पालन करना अपना धर्म माना जाता था। लोग अपने माता–पिता को बोझ समझते हैं। आज का युवा कम–से–कम समय में ज्यादा–से–ज्यादा सफलता प्राप्त करना चाहता है परंतु सच्ची सफलता तभी प्राप्त होगी जब हम अपने आदर्श, सिद्धांत तथा उद्देश्य को मानकर चलेंगे। आज मोबाइल फोन ने युवाओं को इस प्रकार ग्रस्त कर रखा है कि उनके पास मेल–मिलाप के लिए वक्त ही नहीं है। वे रिश्तों की मर्यादा, पवित्रता को कुचलते हुए आगे बढ़ रहे हैं और इन सबका कारण कहीं न कहीं पश्चिमी संस्कृति का प्रभाव ही है। पश्चिम के अंधानुकरण के कारण हमारी संस्कृति के लुप्त होने का खतरा लगातार जा रहा है। आज नैतिक मूल्यों की चर्चा केवल पुस्तकों, भाषणों, संगोष्ठियों आदि में होती है परंतु अपने जीवन में अपनाने वाले लोगों की संख्या नगण्य है।

नैतिक मूल्य ही भारतीय संस्कृति की पहचान है परंतु अफसोस की बात यह है कि आज हमारा समाज नैतिक पतन की ओर अग्रसर हो रहा है। यदि हर व्यक्ति सदाचार के महत्व को समझे तो छल–कपट, षडयंत्र आदि से हमारा समाज मुक्त हो सकता है। हर एक व्यक्ति से एक अच्छा परिवार बनेगा और उन परिवारों से एक अच्छा समाज और एक अच्छा समाज ही सुसंस्कृत देश की पहचान बनेगा। अज जरूरत यह है कि बच्चों में लेपटॉप और इंटरनेट थमाने के साथ ही उनमें अच्छे संस्कार दे, तभी एक अच्छे समाज की कल्पना की जा सकती है। इस सबके बावजूद भारतीय संस्कृति आज भी अपेन मूल स्वरूप में जीवित है जबकि यूनान और रोम की संस्कृतिया अपने मूल स्वरूप को लगभग विस्मृत कर चुकी है। संसार की किसी भी संस्कृति में शायद ही इतनी सहनशीलता हो जितनी भारतीय संस्कृति में पाई जाती है।

संदर्भ सूची –

1. दिनकर रामधारी सिंह, संस्कृति के चार अध्याय, जनवाणी प्रिण्टर्स एण्ड पब्लिशर्स लिमिटेड, कलकत्ता, पृ. सं. 11
2. श्रीराम शर्मा, (सं.) अखण्ड ज्योति, जनवरी, 1965, संस्कृति का स्वरूप और लक्ष्य, पृ. सं. 14
3. द्विवेदी राधेश्याम, नैतिक मूल्य मानवता की पहचान होते हैं, www.pravakta.com, 22-06-2017

डॉ. टी. सुनीता,

हिन्दी अध्यापिका,

जड़.पी.हेच.एस.

मनोहराबाद, तेलंगाना

सेल : 9866801120,

Email : Sunita.tappa@gmail.com

भारतीय संस्कृति में नैतिक मूल्य

संस्कृति शब्द का संबंध संस्कार से हे, जिसका अर्थ है संशोधन करना, उतम बनाना, परिष्कार करना। भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीनतम संस्कृतियों में अग्रणी रही है। नियमित आचार पद्धति एवं संस्कार युक्त जीवन विधा जैसी इसकी अपनी अलग विशेषताएँ इसे विश्व की प्राचीन संस्कृतियों में विशिष्टता प्रदान करनी है। भारतीय समाज मूल्य प्रधान समाज है। नैतिक मूल्य ही मानवता की पहचान होती है। मूल्य ही हमें उचित–अनुचति, अचार–व्यवहार का ज्ञान कराते हैं। किसी भी व्यक्ति में नैतिक मूल्य का होना ही धर्म है। वास्तव में नैतिक मूल्य नैतिक आचरण की संहिता है। मर्यादा पुरूषोत्तम राम नैतिकपूर्ण जीवन के आदर्श प्रतीक हैं। नैतिक मूल्य एक तरह से भारतीय संस्कृति की पहचान है। नैतिक मूल्य ही भारतीय संस्कृति की पहचान है परंतु अफसोस की बात यह है कि आज हमारा समाज नैतिक पतन की ओर अग्रसर हो रहा है।

डॉ. टी. सुनीता,
हिन्दी अध्यापिका,
जड़.पी.हेच.एस.
मनोहराबाद, तेलंगाना
सेल : 9866801120,

Email : Sunita.tappa@gmail.com

ति रिवाज संस्कृति व सभ्यता कॊ विकसित व निर्मित करता है।समाज संबंधों की व्यवस्था है।समाज परिवर्तनशील एवं जटिल व्यवस्था है।समाज में सहयॊग व संघर्ष दॊनॊं पाए जाते हैं।अन्यॊनाश्रित की एक अत्यंत महत्वपीर्ण विशेषता है।समाज में व्यक्तियों के व्यवहार कॊ औपचारिक और अनौपचारिक साधनों द्वारा नियंत्रिंत किया जाता है।वहा से स्वतंत्र प्रदान करना भी आवश्यक है।अधिक नियंत्रण व्यक्ति के विकास में बाधा उत्पन्न करते हैं।सामाजिक संबंध समाज का प्रमुख आधार हैं।

संस्कृति--परिभाषा एवं महत्व--- की दृष्टि से संस्कृति शब्द परिष्कृत कार्य अथवा उत्तम स्थिति का बॊध कराता हैं,किन्तु इस शब्द का भावार्थ अत्यंत व्यापक है।

रामधारी सिंह दिनकर के अनुसार -"संस्कृति एक ऎसे गुण है जॊ हमारे जीवन में छाया हुआ है।एक आत्मिक गुण है। जॊ मनुष्य के स्वभाव में उसी तरह व्याप्त है ,जिस प्रकार फूलों में सुगन्ध और दूध में मक्खन ।इसका निर्माण एक अथवा दॊ दिन में नहीं हॊता,युग-युगान्तर में हॊता है।"-4

संस्कृति एक समाज की संपूर्ण जीवन विधि का प्रतिनिधित्व करती है।मानव भाषा एवं प्रतीकों के माद्यम से अपनी संस्कृति का विकास एवं विस्तार करता है।तथा एक पीढी से दूसरे पीढी में हस्तान्तरित भी करता है।इससे संस्कृति की निरन्तरता भी बनी रहती है।संस्कृति का निर्माण किसी व्यक्ति -विशेष द्वारा नहीं किया गया है।बल्कि संस्कृति परम्पराओं से ,विश्वासों से,जीवन की सैली से ,आद्यात्मिक पक्ष से,भौतिक पक्ष से निरन्तर जुडी है।

महात्मा गांधी के अनुसार-"संस्कृति नीव हैं,प्रारंभिक वस्तु है,तुम्हारे सूक्षातिसूक्ष्म व्यव्हारों से इसे प्रकट हॊना चाहिए।"-5

Print to PDF without this message by purchasing novaPDF (http://www.novapdf.com/)

संस्कृति संस्कृतिक तत्वोण का एक विशेष संगठन है।संस्कृति मनु के व्यक्तित्व का निर्माण करती है। संस्कृति परिवर्तन एवं विकासशील हॊती हैं।संस्कृति समाज के व्यक्तियों को एक सूत्र में बांधती है।

साहित्य ,समाज और संस्कृति का अंत:संबंध

साहित्यकार अतीत से प्रेरित लेता है।वर्तमान कॊ चित्रित करने का कार्य करता है और भविष्य का मार्गदर्शन करता है।साहित्य में समाज निर्माण की शक्ति हॊती है।जिस देश का साहित्य नष्ट हॊ जाता है। आचार्य विश्वनाथ ने कहा कि "वाक्यं रसात्मकं काव्यं" समाज में उसकी संस्कृति स्वत: नष्ट हॊ जाती है।समाज और साहित्य का गहरा संबंध हैं।दोनों एक दूसरे के पूरक है।समाज शरीर है तॊ साहित्य आत्मा है।मनु न तॊ समाज से अलग हॊ सकता है और न साहित्य से ।

बॊगार्डस के अनुसार -“किसी समूह के कार्य करने और विचार करने के सभी तरीकों का नाम संस्कृति हैं।“-4

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में साहित्य एवं संस्कृति का संर ण करना समय की आवश्यकता बन गई है।क्योंकि युवा पीढी अपनी संस्कृति से विमुख हॊने लगी है और उनका सुझाव पाश्चात सभ्यता की ओर बढ रहा है,जॊकि चिंता का विषय है। अच्छे साहित्य के सृजन से समाज में सकारात्मक सॊच उत्पन्न हॊती है। आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार""कविता जीवन और जगत की अभिव्यक्ति हैं"-4

पढकर

, और

Print to PDF without this message by purchasing novaPDF (http://www.novapdf.com/)

अलग

संस्कारों से भाषा में अपेक्षित सुधार हो सकता है| भाषा से संस्कृति का सुधार संभव है और संस्कृति से समाज में अपेक्षित परिवर्तन हो सकता है।यह शाश्वत सत्य है कि अपेक्षा समाज पहले जन्म लेता है।समाज से ही साहित्यकार जन्म लेते है।मानव सभ्यता के विकास में साहित्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। समाज के बिना साहित्यकार नहीं हैं,संस्कृति के बिना समाजिक जीवन बिताने में पूर्णता प्राप्त नहीं कर पाऐंगे। समाज में निहित संस्कृति को साहित्यकार अपनी साहित्य में चित्रित करेगा। समाज की संस्कृति जितनी अच्छी होगी,उस देश की साहित्य भी उतनी उन्नत होगी।

साहित्यकार समाज में फैली कुरीतियों,विकृतियों,संभावों,विषमताओं व असमताओं आदि के बारे में अपमे विचार,सुझाव,उपाय आदि प्रस्तुत करता है।इन सब के प्रति जनसाधारण को जागरूक करने प्रयास करता है।साहित्य लेखन,संशोधन,निरंतर जारी रहना चाहिए।अन्यथा सभ्यता का विकास की अवरृद्ध हो जाएगा।

वास्तव में हर देश साहित्य उस देश की लौकिक सभ्यता एवं संस्कृति को उजागर करता है।साहित्य एक राष्ट्र की पहचान है,गौरव है।साहित्य में ही समाज निर्माण की शक्ति होती है।

निष्कर्ष : समाज निर्माण की पृष्टिभूमि में समाज,आचार ,विचार ,समाज भाषा साहित्य तथा समान सांस्कृतिक आध्यात्मिक सोच कार्यरत रहते है।समाज ऐसे ही व्यक्तियों का सामुदायक समूह हैं संस्कृति व्यक्तिगत ना होकर सामाजिक बन जाती हैं।सामाजिक गुण जैसे-धर्म ,प्रथा,परम्परा,रीति-रिवाज,कानून,साहित्य ,भाषा आदि से मिलकर संस्कृति बनती है।

Print to PDF without this message by purchasing novaPDF (http://www.novapdf.com/)

साहित्य ,समाज एवं संकृति का प्रभावबिंब होती हैं इनमें अटूट स्बंध हैं। इस तरह समाज,साहित्य और संस्कृति एक दूसरे के पूरक हैं।

समाज की एक और रुप

साहित्य हैं ||

साहित्य में निहित संस्कृति

समाज का प्रतिरुप हैं ||

संस्कृति, समाज एवं साहित्य

अनयोनाश्रित

महान साधन एवं साध्य भी हैं ||

:

1. , और तन -

अ य - -२ ० १ ०

2. और -

3. https://shwetashindi.blogspot.com/p/blog-page_21.html

4. https://www.kailasheducation.com/2020/06/samaj-arth-paribhasha-visheshtaye.html

5. https://www.scotbuzz.org/2017/04/samaj-k-arth-evam-paribhasha.html

6 https://www.scotbuzz.org/2019/04/sanskrti.html

Print to PDF without this message by purchasing novaPDF (http://www.novapdf.com/)

अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर साहित्यकारों का भाषा, साहित्य विकास में योगदान, प्रभाव एवं स्थिति

''हिन्दी साहित्य की रचना हिन्दी प्रदेश में तो हो ही रही है, वह हिन्दी प्रदेश के बाहर अहिन्दी–भाषी प्रदेशों में भी हो रही है। यही नहीं, वह विदेशों में भी हो रही है। यहाँ विदेशों में हो रही हिन्दी साहित्य की रचना कुछ बानगी के साथ एक सामान्य विश्लेषण–विचार दी जा रही हैं। ''फ़ीजी'' देश में हिन्दी साहित्यकार काफ़ी हैं जिनके उपन्यास, कविताएँ, कहानियाँ प्रकाशित होते रहते हैं। फ़ीजी के प्रसिद्ध कवियों में सबसे प्रमुख नाम पं. कमला प्रसाद मिश्र का हैं। इनके विद्यार्थि जीवन ब्रज में हुआ, अतः स्वभावतः ब्रज, मथुरा, वृंदावन में उन्हें बहुत लगाव है। इनका जन्म सन् 1913 ई. में फ़ीजी के 'राकी' ज़िले के एक गाँव 'वाईरूक्' में हुआ था। गिरमिट के दिनों में इनके पिता अपने बड़े भाई के साथ भारत से फ़ीजी चले आये थे। लगभग तेरह वर्ष की अवस्था में सन् 1926 में, मिश्र जी विद्याध्यपन के लिए वृंदावन के गुरूकुल में आ गए और लगभग ग्यारह वर्ष तक अध्ययन करके सन् 1937 के आरंभ में 'आयुर्वेद शिरोमणि' की उपाधि लेकर फ़ीजी लौट गए।

मिश्र जी की मातृभूमि फ़ीजी है और पितृभूमि भारत। इसलिए दोनों के प्रति अनुराग सहज ही है। लगभग ग्यारह वर्ष का दीर्ध विधार्थी जीवन पूर्ण करके जब स्वदेश लौट रहे थे तो ह्रदय उमंग और अवसाद की गहराइयों में डूब–उतरा रहा था। अपनी मातृभूमि के दर्शन करने की ललक के साथ ही मन व्यथा से भरा था कि फिर कभी भारत की इस पावन भूमि पर उनके चरण पड़ेंगे या नहीं। भारत से विदा लेते समय तब तक एक कविता लिखी थी 'पितृभूमि ! प्रणाम' –

मैं जहाँ शिक्षित हुआ

जिस गोद में अब तक पला था

मृत्यु भी होती उसी के नाम पर

कितना भला था

किंतु रे दुर्भाग्य – कितना

विषम दुःख था और सहसा

जिस समय जलयान

भारत भूमि के तट से चला था

मिश्र जी की कविताओं में फ़ीजी का प्राकृर्तिक सौन्दर्य–चित्रण पर छायावादी भाव–बोध की गहरी छाया विधमान है। क्योंकि सन् 1932 के बाद से ही इनकी रचनाएँ भारत की तत्कालीन श्रेष्ठ हिन्दी पत्रिकाओं में प्रकाशित होने लगी थीं। सरस्वती, माधुरी, विशाल भारत, विश्वमित्र, आर्य मित्र आदि पत्र–पत्रिकाओं में प्रसाद, निराला, पंत, महादेवी आदि की रचनाओं के साथ–साथ मिश्र जी की रचनाओं को भी स्थान मिलने लगा था। एक प्रतिष्ठित कविता 'ताजमहल' को पं. बनारसीदास चतुर्वेदी ने अपनी पत्रिका 'विशाल भारत' में बड़े सुन्दर ढंग से प्रकाशित किया था। सन् 1935 के आस पास प्रकाशित इस कविता के कुछ अंश प्रस्तुत हैं –

हे धवल जलद के शुभ्र खंड ! तुम निकल पड़े कब भूतल से ।

तुम शत अतृप्त अभिलाषा से, कढ़ते क्षिति के अन्तस्तल से।

मिश्र जी की कविताओं में फ़ीजी का प्राकृतिक सौंदर्य शब्द–बद्ध है। उसके सुन्दर समुद्र तट, सदाबहार मौसम, दूर–दूर तक फैली हरियाली, नदियाँ और पहाड़ सभी उनकी कविताओं में रूपाकार लेते हैं। कुछ उदाहरण प्रस्तुत हैं –

यहाँ सूरज पहले निकलता है और दूर अँधेरा होता हैं

फ़ीजी फिरदौस है पैसिफ़िक का यहाँ पहले सबेरा होता है।

हर ओर ग़ज़ब हरिपाली है हर और छटा मतवाली है

यह फ़ीजी वही जिसमें हर माह बाहर का फेरा होता है।

(यहाँ पहले सबेरा होता है)

रेवा में जीवन का उल्लास छिपा है

मृदु प्रकृति–परी का अनुपम हास छिपा है।

किस तरह जान पायेंगे रेवा वासी

इन लहरों में क्या–क्या इतिहास छिपा है।

(रेवा नदी के प्रति)

मिश्र जी का कवि विश्व से व्याप्त भ्रष्टाचार तथा बाहरी–भीतरी गंदगी से भी अपरिचित नहीं है। सरकारी अफ़सर किस तरह अपने स्वार्थों की सिद्धी में लगे हैं तथा किस तरह रिश्वत लेते हैं, इस पर उनकी कविता देख सकते हैं –

और हैल्थ वाला भी देता नहीं शांति से रहने

यह मैला क्यों पड़ा सामने, हरदम लगता कहने

टिन वाली मछली ले जाता रोज डाक्टरी करने

फ़ीजी के प्रसिद्ध कथाकार जोगिन्द्र सिंह कंवल हैं जो फ़ीजी के बा नगर के खालसा कालिज में प्रिंसिपल है। उनके तीन उपन्यास – 'सबेरा', 'क्रवट', 'धरती मेरी माता' फ़ीजी की तीन पीढ़ियों के संघर्ष के जैसे ऐतिहासिक दस्तावेज हैं। इनके तीनों उपन्यासों सन् 1971 ई में 'भारतवंशी इतिहास के तीन औपन्पासिक दस्तावेज' शीर्षक से एक लेख 'गगनांचल' में प्रस्तुत किया है। जोगिन्द्र सिंह कंवल के उपन्यासों की बहुत ही अच्छी समीक्षा प्रस्तुत करता है तथा फ़ीजी के हिन्दी कथा–साहित्य को समझने के लिए अच्छी दृष्टि प्रदान करता है।

''कैक्टस के दाँत'' की कविताओं का मूल स्वर मज़दूर की पक्षधरता का स्वर है। मज़दूर की विपन्नता, उसके शोषण, उसकी दुर्गति, समाज में व्याप्त विषमता का मार्मिक चित्रण इस संग्रह की कविताओं में हुआ हैं। मज़दूर की स्थिति कुत्ते जैसी है, उस कुत्ते जैसी जो भोजन कूड़े–कचरे में खोजता है – ''मज़दूर मशीन के पुर्जे से भी गया बीता है। मशीन की तरफ़ तो इतना भी ध्यान नहीं दिया जाता ।'' (पृ. 56)

''मज़दूरों की औलादों के काले सपने चट्टानों पर छटपटाने लगते हैं।'' (पृ. 109)

मज़दूर की यह दुर्गति बिना टकराव के दूर नहीं हो सकती। शोषक का हृदय–परिवर्तन नहीं हो सकता, क्योंकि मज़दूर और मालिक का मूल्यबोध के इस अंतर को कवि ने काँच के टुकड़े के प्रतीक द्वारा बड़े सटीक ढँग से व्यक्त किया है –

खेतों में काम करते वक्त। काँच का जो टुकडा।

मेरे तलवें को लहुलुहान कर गया था।

वह आज तुम्हारे अजायब घर में। मखमली रूमाल पर।

नगीने के रूप में सुरक्षित है। (पृ. 3)

बड़ी कृतध्न मज़दूर जाति

जो चिल्ला चिल्ला कर कह रही

कि तुमसे उसे कुछ भी नहीं मिला

लेकिन मैं तो तुम्हारा अभारी हूँ

जानता हूँ कि मेरी फटेहाल झोली का

यह खालीपन तुम्हारी ही तो देन है। (पृ. 93)

इन दो केंद्रीय वस्तुओं के अतिरिक्त कुछ कविताओं में नागर मध्यवर्गीय जीवन की अंतर्विरोधी स्थितियों और तज्जनित अनुभूतियों को अभिव्यक्त किया गया है। गहरी संवेदनशीलता, प्रगतिशील जीवनदृष्टि एवं प्रसन्न अभिव्यक्ति से युक्त अभिमन्यु अनंत की ये कविताएँ हमें आश्वस्त करती हैं। इनके कई उपन्यास तथा कहानियाँ भी हैं।

इस तरह कई देशों में हिन्दी साहित्य रचा जा रहा है। और हिनदी साहित्यकारों ने प्रवासीय रहकर भी भारत में बोली जानेवाली हिन्दी शब्दावलियों को ही अपने रचनाओं में प्रयोग किये थें। अतः वे हिन्दी भाषा, साहित्य विकास के लिए, उच्च स्तर के साहित्य का सृजन करते हुए भारत का संस्कृति एवं सभ्यता को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ले जानेका प्रयत्न कर रहे हैं।

संदर्भ :

1. पुस्तक : हिन्दी भाषा का अन्तर्राष्ट्रीय सन्दर्भ, पृ. सं. 158, 159, 160, 161, 162, 163, 164,165,166,167,168,169,170 से 174 तक
2. पुस्तक : 'दुश्मन से दोस्ती', लेखक : कृष्ण बिहारी, पृ. सं. 1, 2, 4, 5
3. पुस्तक : अन्तर्जाल से संग्रहित की गई है।

युवराज धवन,
एसिस्टेंट प्रोफेसर, (हिन्दी)
गर्वमेंट डिग्री कॉलेज, चंचल गुड़ा,
हैदराबाद, तेलंगाणा– 29 (राज्य)
दूरभाषा – 9490439995
Email : dhavan.yuvaraj@gmail.com

आलेखसार

अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर साहित्यकारों का भाषा, साहित्य विकास में योगदान, प्रभाव एवं स्थिति

''हिन्दी साहित्य की रचना हिन्दी प्रदेश में तो हो ही रही है, वह हिन्दी प्रदेश के बाहर अहिन्दी–भाषी प्रदेशों में भी हो रही है। मिश्र जी की मातृभूमि फ़ीजी है और पितृभूमि भारत। मिश्र जी की कविताओं में फ़ीजी का प्राकृर्तिक सौन्दर्य–चित्रण पर छायावादी भाव–बोध की गहरी छाया विधमान है। मिश्र जी की कविताओं में फ़ीजी का प्राकृतिक सौंदर्य शब्द–बद्ध है। मिश्र जी का कवि विश्व से व्याप्त भ्रष्टाचार तथा बाहरी–भीतरी गंदगी से भी अपरिचित नहीं है। फ़ीजी के प्रसिद्ध कथाकार जोगिन्द्र सिंह कंवल हैं जो फ़ीजी के बा नगर के खालसा कालिज में प्रिंसिपल है। उनके तीन उपन्यास – 'सबेरा', 'क्रवट', 'धरती मेरी माता' फ़ीजी की तीन पीढ़ियों के संघर्ष के जैसे ऐतिहासिक दस्तावेज हैं। ''कैक्टस के दाँत'' की कविताओं का मूल स्वर मज़दूर की पक्षधरता का स्वर है। मज़दूर की यह दुर्गति बिना टकराव के दूर नहीं हो सकती। इन दो केंद्रीय वस्तुओं के अतिरिक्त कुछ कविताओं में नागर मध्यवर्गीय जीवन की अंतर्विरोधी स्थितियों और तज्जनित अनुभूतियों को अभिव्यक्त किया गया है। इस तरह कई देशों में हिन्दी साहित्य रचा जा रहा है।

युवराज धवन,
एसिस्टेंट प्रोफेसर, (हिन्दी)
गर्वमेंट डिग्री कॉलेज, चंचल गुड़ा,
हैदराबाद, तेलंगाणा– 29 (राज्य)
दूरभाषा – 9490439995
Email : dhavan.yuvaraj@gmail.com

विश्व मानव कल्याण में भारतीय संस्कृति कीभूमिका

आचार्य पी.के.जयलक्ष्मी
संत जोसफ महिला महाविद्यालय,
विशाखपट्टणम

भारत विश्व के प्राचीन देशों में से एक है। इस प्रसिद्ध देश में अनेक ऋषि -मुनियों, महात्माओं एवं संतों ने जन्म लिया है। इसलिए इसे अत्यंत पवित्र तथा पुण्य भूमि के रूप में माना जाता है। भारत देश के भारत वर्ष,आर्यावर्त,भरत-खण्ड,हिंदुस्तान आदि अनेक नाम हैं। वेद,पुराण,उपनिषद,महाभारत,भागवत,रामायण,भगवद्गीता आदि पवित्र प्राचीन ग्रंथों की सृजन-भूमि यही है। इस देवभूमि को गौतमबुद्ध,महावीर,रामकृष्णपरमहंस,गुरुनानक,वीरशिवाजी, स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, अंबेडकर, रवीन्द्रनाथ टागोर आदि महापुरुषों ने अपनी उपस्थिति से परम श्रेष्ठ बनाया।

संस्कृति मानव की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि है जिसके द्वारा किसी जाति, राष्ट्र अथवा समाज विशेष के समस्त संस्कारों का बोध होता है। संस्कृति का विकास शाश्वत मानव मूल्यों के आधार पर होता है। । आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी के शब्दों में "मनुष्य की श्रेष्ठ साधनाएं ही संस्कृति है।" संस्कृति सर्वथा अवरोधी वस्तु है जो जीवन को पूर्णरूप में देखने का प्रयत्न करती है। भारतीय मनीषा ने भौतिक उन्नति की अपेक्षा लोक- कल्याण को जीवन का परम साध्य माना है। "स्व" का निराकरण एवं 'पर' के विस्तारण को प्राधान्य प्रदान करनेवाली भारतीय संस्कृति की विरासत में आध्यात्मिकता को प्रथम स्थान प्राप्त है। ऐसा सोचना श्रेष्ठ माना जाता है कि "मेरे सुख में सबका सुख नहीं,बल्कि सबके सुख में मेरा सुख है।" आध्यात्मिकता अविद्या और अज्ञान का समूल नाश करती है जिसके फलस्वरूप कम,क्रोध,मद,लोभ,मोह,मत्सर आदि मनोविकारों का निरसन होता है। विभिन्नवेद शास्त्र हमारी संस्कृति का हिस्सा है, इसके अतिरिक्त भारत की अन्यपरम्परायें जैसे अतिथि देवो भव,सामाजिक आचार-

Print to PDF without this message by purchasing novaPDF (http://www.novapdf.com/)

व्यवहार,शरणागतरक्षा,सर्वधर्म समभाव,वसुधैव कुटुम्बकम,अनेकता में एकता आदि प्रमुख हैं।

भारतीयसंस्कृति अत्यंत सनातन और विशिष्ट है, जिसने दुनियाँ को **वसुधैव कुटुंबकम** का पाठ सिखाया। मोहनजोदड़ोकी खुदाई के बाद से यहमिस्र, मेसोपोटेमियाकी सबसे पुरानी सभ्यताओं के समकालीन समझी जाने लगी है।प्राचीनता के साथ इसकी दूसरी विशेषता**अमरता**है।चीनीसंस्कृतिके अतिरिक्त पुरानी दुनिया की अन्य सभी - मेसोपोटेमिया की सुमेरियन, असीरियन, बेबीलोनियन और खाल्दी प्रभृति तथा मिस्र ईरान, यूनान और रोमकी-संस्कृतियाँ काल-गर्भ में समा चुकी हैं, लेकिन भारतीय संस्कृति कई हजार वर्ष तककाल के क्रूर थपेड़ों को खाती हुईआज तक पुष्पित-पल्लवित है।

उसकी तीसरी विशेषता उसका**जगद्गुरु होना**है। हाँ उसने न केवल महाद्वीप-सरीखे भारतवर्ष को सभ्यता का पाठपढ़ाया, अपितु भारत के बाहर बड़े हिस्से की जंगली जातियों को सभ्य बनाया, साइबेरिया के सिंहल (श्रीलंका) तक और मैडीगास्कर टापू, ईरान तथाअफगानिस्तान से प्रशांत महासागर के बोर्नियो, बाली के द्वीपों तक के विशालभू-खण्ड पर अपना अमिट प्रभाव छोड़ा।भारतीय धर्मविश्व के धर्मों में प्रमुख है, जिसमेंहिन्दू धर्म, बौद्ध धर्म, सिख धर्म, जैन धर्म, आदि जैसे धर्म शामिल हैं आज, हिन्दू धर्म और बौद्ध धर्म क्रमशः दुनियामें तीसरे और चौथे सबसे बड़े धर्म हैं, जिनमें लगभग १.४ बिलियन अनुयायी साथहैं।

भारतीय संस्कृति की दो प्रमुख विशेषताएँ हैं- व्यापक सहिष्णुता अर्थात दूसरों के दृष्टिकोण को समझना और दूसरी है सार्वभौमिक दृष्टि -बिन्दु अर्थात जो नया है, उसे आत्मसात करके अपना बनाना । हिन्दू धर्म का विकास इन्हीं दो विशिष्टताओं का परिणाम है। भारतीय संस्कृति धर्म और कर्म प्रधान है। सैद्धान्तिक रूप से धर्म मानव को मानवोचित कर्तव्यों का बोधकराता हैजैसेदया,करुणा,मैत्री,प्रेम,अस्तेय,ब्रह्मचर्य,जीव-सेवा आदि का पालन करना सबसे बड़ा धर्म कहलाता है। यही मानव धर्म है। भारतीय संस्कृति में जागतिक कर्म के

Print to PDF without this message by purchasing novaPDF (http://www.novapdf.com/)

साथ मन और वचन की पवित्रता पर ज़ोर देते हुए फल की चिंता किए बिना निरंतर कर्म करते रहने की प्रेरणा प्राप्त होती है।**"कर्मण्ये वाधिकारस्तेमाफलेषु कदा चना**" यही कर्मयोग है जिसकी स्थापना "योगःकर्मसु कौशलम**"** कहकर की गयी है। कर्मफल सिद्धान्त के साथ ही पुनर्जन्म का सिद्धान्त जुड़ा हुआ है।इस प्रकार भारतीय संस्कृति जीवन को सतत प्रवाहमान मानती है।

विनम्रता और गुण ग्राह्यता को शील अथवा विनय कहा जाता है,इस दृष्टि से भारतीय संस्कृति शील प्रधान है। शीलवान होना भारत की सांस्कृतिक विरासत की पहचान में सहायक होना है। समस्त सदाचार एवं धर्माचरण का आंतरिक तत्व शील है, वही श्रेष्ठ संस्कृति एवं सुसंस्कृत चरित्र का निर्माण करता है,जिस में त्याग और साधना का बहुत महत्व है। भारत की इच्छाएं एवं आकांक्षाएँ व्यष्टि में सीमित न होकर समष्टि में व्याप्त दिखाई देती हैं, वे मुखरित होकर विश्व के कल्याण की कामना करती हैं-"सर्वे भवन्तु सुखिन; सर्वे संतु निरामय;"..इसका अर्थ है जो दूसरों के लिए जीता है वही सबसे बड़ा सुखी और भाग्यशाली है। पुराने जमाने से**मातृ देवो भव, पितृ देवो भव, आचार्य देवो भव** तथा **अतिथि देवो भव** हमारी संस्कृति के मूल मंत्र हैं। जन्म देकर पालन पोषण करनेवाले माता-पिता भगवान सदृश हैं। । ज्ञान दीप के द्वारा हमारे अज्ञानांधकर को दूर करनेवाले आचार्य तथा घर आए अतिथि भगवान के समानहैं । हम खुद भले ही भूखे रह जायँ लेकिन अतिथि का पेट भरना जरूरी है। इसी तरह हमें समाज में कैसा व्यवहार एवं आचरण करना चाहिये,इसकी शिक्षाभी विभिन्न कहानियों एव लोकोक्तियों के द्वारा हमारीसंस्कृतिही प्रदान करती है। जैसे हमे बड़ोकी इज्जत करनी चाहिये और छोटो के प्रति स्नेह का आचरण करना चाहिये, एवंमहिलाओ और बुजुर्गो के प्रति विशेष सम्मान दिखाना चाहियेआदि । **अहिंसा परमो धर्म**: हमारा आदर्श वाक्य है। इसके अतिरिक्त शरण में आये व्यक्ति की रक्षा करनाभी हमारा परम कर्तव्य है ।

सृष्टि के कण-कण को पावन व पूजनीय मानते हैं। विश्व का प्रत्येक कण हमारा भाई है और विश्व बंधुत्व हमारे लिए जीवन का एक यथार्थ है। हम पर्वत,नदी,भूमि,अग्नि,पत्थरकाऽष्ठ,पशु,पक्षी आदि सब के प्रति आत्मीय भाव

Print to PDF without this message by purchasing novaPDF (http://www.novapdf.com/)

रखते हैं, समस्त पृथ्वी हमारा परिवार है । अहिंसा मूलक करुणा-मैत्री पर आधारित वसुधेव कुटुंबकम का आदर्श भारतीय संस्कृति में चरितार्थ होता है। सुसंस्कृत व्यक्ति वह है जो जीवन में सत्य,दया,दान तथा तप के मार्ग का अवलंबन करता है। भारतीय मनीषा के अनुसार समस्त ज्ञान एवं साधनाओं का फल जीवप्रेम अथवा परहित साधन एवं सभी प्राणियों को आत्मवत समझना माना गया है - "परहित सरिस धर्म नहिं भाई, परपीड़ा सम नहिं अधमाई।" तथा -"आत्मने प्रतिकूलनि परेषां न समाचरेत।" जो अपने को प्रतिकूल लगता है ,वह व्यवहार दूसरे के साथ मत करो। सभी धर्मों का सार भी यही है ...जो व्यवहार तुम दूसरों से चाहते हो, वह पहले उनके साथ करो और जो नहीं चाहते हो, वैसा किसी के साथ मत किया करो।

भगवद्गीता जो दिव्यज्ञान से भरपूर एक रचनात्मक विश्वशास्त्र है वह भारत की ही देन है। गीता सम्पूर्ण समस्याओं का निराकरण करनेवाला एक जीवन ग्रंथ है तथा उत्तम मनोवैज्ञानिकता का दिग्दर्शक ग्रंथ है। इस ग्रंथ में जीवन की गहराइयों को छूते हुए सत्य व ज्ञानयुक्त ऐसे महान विचारों का समावेश है जिनके नित्य चिंतन-मनन से मनुष्य-मात्र की निराशा,हताशा,दुश्चिंताएं आसानी से मिट जाती हैं तथा उसके जीवन में साहस, समता, सहिष्णुता, स्नेह,शांति,आत्मबल आदि दैवी गुण पल्लवित होते हैं। इस में कोई संदेह नहीं है कि मनुष्यों में भोग,मोक्ष, निर्भयता आदि दिव्य गुणों को विकसित करनेवाला यह पुण्य ग्रंथ विश्व में अद्वितीय है।

हरि सम जग कछु वस्तु नहीं, प्रेम पंथ सम पंथ।
सद्गुरु सम सज्जन नहीं, गीता सम नहीं ग्रंथ ।

भारत के मनीषियों ने सामान्य मानवीय संस्कृति को पूर्ण और व्यापक बनाने की महती साधना की है। भारतीय संस्कृति में मुख्य रूप से चार मूल्यों की प्रधानता दीगयी है – धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष लेकिन कोई भी व्यक्ति इन चारोंपुरुषार्थों अथवा मूल्यों को एक ही काल में एक ही साथ चरितार्थ नहीं कर

Print to PDF without this message by purchasing novaPDF (http://www.novapdf.com/)

सकताहै, क्योंकि व्यक्ति का जीवन सीमित होता है, इसलिए हिन्दू धर्म मेंवर्णाश्रम व्यवस्थाएवं पुनर्जन्म पर बल दिया गया है। वर्णाश्रम व्यवस्थाको यदि गुण और कर्म पर आधारित माने तो यह व्यवस्था आज भी अत्यन्त वैज्ञानिकएवं उपादेय प्रतीत होती है।

भारत पर विदेशियो ने अनेक बार आक्रमण किया और हिन्दु संस्कृति को नष्टकरने की कोशिश की,लेकिन वो संस्कृति ही क्या जो मिट जाये, भारत आये अनेकआक्रमणकारियो ने भी माना कि इस देश की संस्कृति को नष्ट करना नामुमकिन है, बल्कि उनमे से कई लोग अपने साथ विभिन्न प्रकार के धर्म और सम्प्रदाय लेआये, और कई यहीं पर बस गये, जिससे गंगा जमुनी संस्कृति का जन्म हुआ,जिसेभारतीय संस्कृति ने बड़ी ही सहनशीलता के साथ स्वीकारा और गले लगाया। भारत ही केवल एक ऐसा देश है जहाँ सर्वधर्म समभाव का पूरा पूरा ध्यान रखागया है। जितनी इज्जत हम अपने धर्म की करते है, उतनी ही इज्जत हमे दूसरों केधर्म की करनी चाहिये। जितनी भाषायेँ यहाँ बोली जाती हैं विश्वमेंशायद कहीं औरनहीं बोली जातीं। बोल-चाल,खान-पान,रहन-सहनमें अनेकता होते हुए भी हम एक साथरहते हैं एक दूसरे के तीज त्यौहारों मेंशामिल होते हैं होली,दीवाली,ईद,रमज़ान ,गुरपर्ब और क्रिसमस साथ साथ मनाते हैं। यहहमारी धार्मिक सहिष्णुता का जीता जागता प्रमाण है।

भारतीय संस्कृति धर्म को जीवन से अलग करनेकी बात नहीं मानती, अपितु वह मानती है कि धर्म ही जीवन की ओर ले जाने वालामार्ग है और उसे बताती है कि उससे किसी को भयभीत होने की आवश्यकतानहीं-क्योंकि मानव जिन विचारों से भयभीत होता है, वे तो स्वयं उसके अन्तरमें छिपे हुए हैं। मानव को उन्हीं पर विजय प्राप्त करनी है।भारतीय संस्कृति यह भी नहीं कहती मानव कीमहत्ता कभी न गिरने में है, वरन् मानव की महत्ता इस बात में है कि वह गिरनेपर भी उठकर खड़ा होने में समर्थ है। उसकी महानता इस बात से आंकी जाती हैकि वह अपनी दुर्बलताओं पर प्रभुत्व पाने में कहाँ तक समर्थ है।ये कहने

Print to PDF without this message by purchasing novaPDF (http://www.novapdf.com/)

में कोई संदेह नहीं है कि विश्व मानव कल्याण में भारतीय संस्कृति की भूमिका अत्यंत प्रशंसनीय है.

Print to PDF without this message by purchasing novaPDF (http://www.novapdf.com/)

रामदरश मिश्र के उपन्यासों में संस्कृति की नींव और परिवार की व्यवस्था

डॉ.विंजनंपाटि यशोधरा

भारतीय समाज में स्त्री और पुरुष के जीवन की तुलना की जाय तो निश्चित रुप से कहा जा सकता है कि नारी का जीवन अनेकानेक विषमतों से घिरा हुआ है। नारी बचपन से लेकर मृत्यु तक विविध रुपों से इन विषमताओं से जूझती हुई जीवन संग्राम में आगे बढती है। फिर भी विधि की वक्रता को देखिए कि उसको निर्बल, अबला कहा जाता है। इस संग्राम को लडते -लडते वह परिवार एवं समाज में विविध रुपों में हमारे सामने आती है। बेटी के रुप से शुरु होकर वह जीवन के अंतिम दिनों में दादी जैसे विविध पारिवारिक संबंधों को उजागर करती है। साथ ही साथ समाज में रहते हुए सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाती हुई विविध रुपों में परिवर्तित दिखाई देती है। नारी का जीवन एक नहीं, दो परिवारों से जुडता है। अतः उसके रुपों में भी विविधता पाई जाती है। बचपन और युवावस्था तक माँ का घर और बाद में पति का परिवार इन दोनों के बीच सामंजस्य स्थापित करने का बहुत ही कठिन कार्य वह हँसते-हँसते कर लेती है।परिवार से अनायास ही हमारे सामने जो चित्र आता है वह पति पत्नी और उनके बच्चों का हँसी-खुशी से मिल कर एक साथ रहने का ही होता है। स्वस्थ पारिवारिक जीवन केलिए इन सबके अलावा दरे पारिवारिक संबंधों की घरी माना जा सकता है। एक ही छत के नीचे दूसरे परिवार में साथ-साथ रहनेवाले पारिवारिक संबंधों में सहज ही प्रेम, स्नेह, ममता, उदारता, सहिष्णुता और समर्पण

की भावना पैदा होती है। साथ ही साथ वैचारिक वैषम्य के कारण परिवार के सदस्यों के बीच अविश्वास, आशंका, आक्रोश, ईर्ष्या, क्रोध,निंदा,संघर्ष, झगडे तथा मन-मटाव आदि विपरीत भावनाओं का उभरना ही स्वाभाविक है। इस संघर्ष में परिवार में नारी की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। क्यों कि परिवार का पुरुष वर्ग तो ज्यादातर घर से बाहर होता है। नारी चाहे तो घर को स्वर्ग के समान हरा-भरा , खुशहाल बनाने का यहाँ नारी के पारिवारिक और सामाजिक रुप इस प्रकार है।

नारी के विविध पारिवारिक रुपः-

स्वच्छ, तंदुरुस्त एवं प्रदूषण रहित वायु में ही सुंदर, सुवासित फूल खिलता है और उसका विकास होता है। यही बात पारिवारिक संबंधों में भी लागू होती है। स्वार्थ की गंदगी, ईर्ष्या, आशंका और अविश्वास की आबो हवा के बीच पारिवारिक संबंधों के फूल कभी भी नहीं खिल सकते।परिवार में नारी अपने विविध रुपों में प्रेम,स्नेह और संवेदना के रसायन से पारिवारिक संबंधों के ताने-बाने मजबूत बनाती है। जिस घर में परिवार के सभी सदस्यों के बीच प्यार का संबंध हो उसी घर में सुख-शांति कायम रहती है। हमारे समाज में कहा जाता है कि औरत के बिना घर, घर नहीं मान होता है, गृहिणी के आने के बाद वही मकान गृह बन जाता है। इस प्रकार नारी पारिवारिक संबंधों की मास्टरकी है। घर के सभी सदस्यों की देखबाल करनेवाली, अन्नपूर्णा नारी बेटी, पत्नी, भाभी, मामी, चाची, बुआ, ननद, देवरानी, जिठानी आदि पारिवारिक रुपों में परिवार को हरा-भरा बनाती है। रामदरश मिश्र हमेशा परिवार के सदस्यों के बीच स्वयं को हरा-भरा महसूस करते हैं इसलिए वे प्यार के संबंध को विशेष महत्व देते हैं। वे स्वयं झगड से दूर रहना पसंद करते हैं, इसलिए हर समय, स्थान एवं व्यक्ति से समझौता कर लेते हैं। उन्होने अपने उपन्यासों में पति-

पत्नी,माता-पिता और संतानों के अतिरिक्त भाई-बहन, सास-ससुर, सास-बहू, देवर-भौजाई, ननद-भौजाई, देवरानी-जिठानी आदि पारिवारिक संबंधों का चित्रण किया है।उन्होने नारी को पारिवारिक संबंधों का केंद्रबिंदु मानते हुए"औरत" नाम की कविता भी लिखी है।जिसमें नारी का पारिवारिक महत्व चित्रित किया गया है। उनकी नारी अपने हर एक रुप में महान है।

पुत्रीः-

भारतीय समाज में प्राचीन काल मे कन्या का स्थान सर्वोच्च था। उस समय कन्या अवांछनीय नहीं थी,घर में कन्या के आगमन को लक्ष्मी का आगमन माना जाता था। जिस प्रकार आत्मा पुत्र के रुप में उत्पन्न होती है उसी प्रकार वह पुत्री के रुप मे भी जन्म लेती है ऐसा शास्त्रों का मानना था। इसलिए पिता के उत्तराधिकार का कुछ भाग पुत्री को भी देने का विधान मनु ने किया हे। लेकिन धीरे-धीरे इसकी ह्रसात्मक स्थिति चरम सीमा त् पहुँच गयी। उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्थ तक कन्या-जन्म एक अभिशाप रुप माना जाता था, क्यों कि उसके जन्म के साथ ही माता-पिता पर दुश्चिंताओं का पहाड दूर पडता था।

यास्क ने निरुक्त में कन्या शब्द की निरुक्ति कम धातु से सिद्ध करके उसे सब प्राणियों के द्वारा चाही जानेवाली कहा है। समय बदलते माता-पिता का अमीर स्नेह पानेवाली कन्या सामाजिक विषमताओं के कारण परिवार का बोझ बल गई। रमणियों और मणियों की तकदीर को एक-सा माना गया। क्योंकि वे कहीं जन्म लेती हैं और कहीं पहुँचकर खिलती हैं। आज दहेज प्रथा ने पुत्री के समस्त सम्मान को मटियामेट कर दिया है। इसी कारण जिस क्षण भारतीय कन्या धरती पर सांस लेती है तो हाय लडकी आ गई कि तर्ज पर शोक-सभा प्रारंभ हो जाती है। लोग बधाई देते और शिशु जन्म की खुशी मनाने के बजाय कन्या शिशु के माता-

पिता का घर लडकी का मैका कहलाता है। मैका यानी माँ का घर। जन्म से लेकर विवाह तक अर्थात् यौवन की दहलीज तक उसके पीछे मायकेवालों का ही योगदान रहता है।मिश्रजी के उपन्यासों में पुत्री के रुप में नारी के अस्तित्व, संघर्ष एवं वेतना का चित्रण किया गया है। मिश्रजी ने पुत्री के माता के साथ और पिता के साथ बनते, बंधते एवं चिरंजीव होते संबंधों का चित्रण भावनात्मक स्तर पर किया।

माता-पुत्रीः-

माता-पुत्री का रिश्ता दर्द का रिश्ता है। रक्त का संबंध है इस कारण वह अट्टू है। क्यों कि दर्द आदमी को करीब लाता है ,रक्त रक्त को खींचता है।माता-पुत्री का यह संबंध प्रेम, स्नेह और वात्सल्य से पूर्ण होता है। रामदरश मिश्र ने अपने उपन्यासों में नारी पात्रों को माता के गौरवपूर्ण पद पर विभूषित कर माता-पुत्री के बीच की सूक्ष्म अंतर्दशाओं का मर्मस्पर्शी चित्रण मिश्रजी ने किया है। माँ और पुत्री के हृदयस्थ भावों का सुंदर चित्रण जल टूटता हुआ उपन्यास में पार्वती की विदाई के प्रसंग पर किया गया है। वह रो रही थी। लडकियों को भींच-भींच कर चिल्ला रही थी। माँ-बाप से लिपट-लिपट कर धिधिया रही थी। अजब भय, करुणा से तडपती हुई उसकी आवाज चारों ओर फैल रही थी और पार्वती विदा हो गयी, एक सन्नाटा छा गया। माँ सोचती है-"अजब है लडकी जाति। सयानी लडकी छाती पर भार बन जाती है, रहती है तो लगता है कब विदा होगी और चली जाती है तो सब कुछ सूना-सूना कर जाती है।" (1) माँ-बेटी का दर्द मिश्रजी ने रात का सफर उपन्यास में अलग प्रसंग को लेकर व्यक्त किया है।ससुराल से वापस आई ऋतु की हालत देख कर माँ हतप्रभ रह जाती है। पुत्री ससुराल में अनेक यातनाएँ सहती है, पर अपनी यातनाओं की कथा अपनी माँ को सुना कर उसे दुखी करना नहीं चाहती। वह ससुराल में जाकर भी अपने माता-पिता को खुश देखना चाहती है इतना ही नहीं स्वयं अपना दर्द भूल कर अपने माता-पिता का दर्द बाँटना चाहती है। माँ के सामने ही व्यक्त करती है।

ऋतु माँ से कहती है-"माँ कुछ भी तो नहीं है। मैं अपना दर्द स्वयं पी जाना चाहती थी क्यों कि वह मेरी नियति थी। जो नियति है उसमें औरों को दुखी क्यों किया जाय? माँ को पिताजी को अपने इस पहाड से दुख से बोझिल क्यों करूँ"(2)इस प्रकार ऋतु अपने माता-पिता को दुखी नहीं करना चाहती।

पिता-पुत्रीः-

पिता-पुत्री का संबंध वात्सल्य, स्नेह और वेदना का है। पिता के वात्सल्य का आदर्श हर युग में मिलता है। जनक ने सीता को प्राणों से बढ कर माना है। कुंती को शूरसेन से गोद लेकर कुंती भोज ने पाला था। वात्सल्य का अनूठा उदाहरण महर्षि कण्व का है जिन्होने शकुंतला को विदा करते समय कहा था कि कन्या विच्छेद सामान्य गृहस्थों केलिए कितना दुखद है। गाँधारी ने भी कन्या के जन्म की इच्छा की थी। पिता अपने पुत्र से ज्यादा पुत्री पर प्यार दिखाता है। क्यों कि पुत्री एक न एक दिन ससुराल चली जाती है। वहाँ उसका भाग्य कैसा होगा, उसे सुख मिले या न मिले इसलिए पिता अपनी पुत्री को सुखी देखना चाहता है। बेटी को पढा-लिखा कर उसका अच्छे वर के साथ ब्याह करने की प्रत्येक माता-पिता की मनोकामना होती है। इसके सामने बेटी का भी यह कर्तव्य बनता है कि वह कोई ऐसा काम न करे जिससे उसके माता-पिता की बदनामी हो।

मिश्रजी के उपन्यासों में माता-पुत्री के प्यार से भी ज्यादा पिता-पुत्री के प्यार का चित्रण हुआ है। उनके सभी उपन्यासों में सबसे ज्यादा पिता का प्यार जल टूटता हुआ उपन्यास की शारदा को मिलता है। माँ विहीन बेटी शारदा अपनी प्रतिभा और सुशीलता से पिता का ही नहीं सबका मन जीत लेती है। उसकी कोई भी जिद वे टाल नहीं पाते। शारदा की शादी से पहले उसके पिता दीनदयाल उसकी इच्छा जानना चाहते हैं तब वह मास्टरजी के साथ प्यार की बात बताती है। उसके पिता

सहज गुस्सा अवश्य करते हैं लेकिन बेटी के प्यार के सामने पिता को समझौता करना पडता है। वह शारदा से कहता है- "इस तरह क्या ताकती है रे पगली! मैं बाप हूँ, अपनी लडकी की खुशी पर अपनी खुशी थोडे लाद सकती हूँ।"(3) और यही बेटी का प्यार उनकी जान भी बचाती है। जब वे बेटी का रिश्ता लेकर मास्टरजी के यहाँ जाते हैं तब उनका दुश्मन बिरजू उनको खतम कर देने के इरादे से उन पर छुरा लेकर टूट पडता है लेकिन बेटी के ब्याह की बात सुन कर उन्हे छोडते हुए कहता है- "तू ने बेटी की कसम दिलाई है। बेटी सबकी बेटी होती है....हाँ तेरे बाद उसका क्या होगा? जा फिर तू छूट गया। सरधा बेटी के भाग से छूट गया---" इस प्रकार बेटी के कारण एक बाप की जान बच जाती है। शारदा अपने स्वभाव के कारण ही सबकी प्रिय बन जाती है। "थकी हुई सुबह" उपन्यास की लक्ष्मी को भी अपने अभावग्रस्त घर की चिंता लगी रहती है। ससुराल के वैभव में पिताजी की विवशता एवं दरिद्रता की याद आते ही उसका चेहरा तरल हो जाता है। वह अपनी प्रथम कमाई के रुपयों से अपने माता-पिता केलिए साडी और धोती ले आती है। पिता के इनकार करने पर वह कहती है-"ठीक है, मैं बेटी हूँ न, मेरी चीज छूना आप केलिए पाप है। बेटी-बेटे का भेदभाव माँ-बाप केलिए छूत है। तो सुन लीजिए। जैसे भैया आपकी संतान है, वैसे मैं भी आपकी संतान हूँ। जैसे उन्हे इस घर केलिए कुछ करने का हक है वैसे ही मुझे भी है।"(5) यहाँ पर लक्ष्मी बेटी होते हुए भी बेटे का फर्ज अदा करती है। इसी प्रकार जल टूटता हुआ उपन्यास में बदमी भी अपने बाप और छोटे भाई की देखबाल करती है। यहाँ पर मिश्रजी ने आधुनिक युग मे लडकियों का बदलती हुई सोच को लक्ष्मी के चरित्र द्वारा उजागर किया है। साथ ही आधुनिक युगबोध को स्पष्ट किया है कि भारतीय समाज में माता-पिता बेटी को गैर समझ कर या बेचारी समझ कर उसकी माई उसके घर की चीजों से परहेज रखते हैं लेकिन बदलते युग के साथ हमारी मान्यताओं में भी बदलाव की आवश्यकती है। बेटी-बेटे के भेद को आज की नारी स्वीकार नहीं करती। वह हर क्षेत्र में पुरुष से बराबर की साझेदारी

चाहती है। चाहे वह कर्तव्य का क्षेत्र हो या फिर लेखक का मत थकी हुई सुबह उपन्यास की लक्ष्मी के माध्यम से स्पष्ट होता है।

बहनः-

भाई-बहन के प्यार का पारिवारिक महत्व है। बहन और भाई दोनों में से जो बडा होता है वह प्यार के साथ आदर भी प्राप्त करता है। भाई-बहन के पवित्र प्रेम से मनुष्य कभी भी अधःपतित नहीं होता। उसका यह रुप भाइयों केलिए प्रेरणादायी रहा है। बहन-भाई दोनों एक-दूसरे पर स्नेह की वर्षा कर घर को सौंहार्दपूर्ण बनाते हैं। सभ्यता के प्रभात काल में बहन का संबंध नगत्य था। पर सभ्यता के विकास के साथ वह मान्य हो गया। बहन अपने अमिट स्नेह से भाई के जीवन को संवारने केलिए सदैव उत्सुक होती है। तथा बडे से बडा त्याग कर उसे दुखों से बचाने का प्रयत्न करती है। उसके द्वारा किया गया हर कार्य भाई की मंगल कामना केलिए होता है ।रामदरश मिश्रजी ने अपने उपन्यासों में भाई-बहन के निस्वार्थ एवं असीम प्यार का विस्तृत चित्रण किया है। आदर्श बहन का चित्रण जल टूटता हुआ की बदमिया में किया गया । उसका बडा भाई मूरतिया घर छोड कर भाग जाता है तब वह अपने छोटे भाई की जिम्मेदारी संभालते हुए अपने जीवन के दुख को भूल जाती है और अपने छोटे भाई पर माँ की ममता बरसाती है। जब कुंजू के साथ जाती है तब वहाँ पति के घर भी अपने छोटे भाई के साथ ले जाने केलिए तैयार हो जाती है। इसी उपन्यास में लवंगी भी अपने भाई का रक्षक बन कर पाठकों के सामने उपस्थित होती है। जब उसका भाई हँसिया और पार्वती दोनों रात के समय साथ में पकडे जाते हैं। तब अपनी इज्जत बचाने केलिए पार्वती हँसिया को फँसाती है जिससे गाँववाला हँसिया की काफी पिटाई करते हैं। उस वक्त लवंगी भाई की रक्षक बन कर वहाँ आँधी की तरह पहुँच जाती है और अपने भाई को बचाती है। गाँव के एक-एक लोग के चरित्र को उछालती है और अपने भाई की तरफदारी करती हुई वह गाँववालों

से कहती है "क्या हुआ अगर मेरे भाई ने एक बाभन की लडकी से भला-बुरा किया? क्या चमार का खून खून नहीं होता? क्या बाभनों की ही इज्जत होती है?" वह नेताजी से भी कहती है-"जब चमरौटी की तमाम लडकियों पर ये बाबा लोग हाथ साफ करते हैं तो कोई परलय नहीं आती और कोई चमार बाभन की लडकी को छू दे तो परलय आ जाती है।"(7)

बुआ, चाची, मामीः-

पिता की बहन को बुआ कहा जाता है। परिवार में नारी पारिवारिक सदस्यों के साथ विविध नातों-रिश्तों से जुडी होती है। वह केवल अपना भाई-बहन का ही ख्याल नहीं करती वरन उनके संतानों को भी अपने प्यार-दुलार से भिगो कर अपने मातृत्व का परिचय देती है। नारी के इस रुप को साहित्य ने सराहा है। भाई के संतानों केलिए वह बुआ का रुप धारण करती है।

मिश्रजी के "थकी हुई सुबह" उपन्यास में शोभा बुआ सत्रह साल की ही थी फिर भी छोटी बच्चियों से बहुत प्यार करती थी। अत्यंत गरीब घर की थी फिर भी उसमें अजब का उत्साह था। इस उपन्यास में सुहागी बुआ बहुत सामाजिक थी। गाती, बजाती तो थी ही मेले हटियों में भी बच्चों को साथ ले जाती।किस्से-कहानियाँ सुनाती थी और किसी का सिर दुखता था तो मंत्र पढ कर देर तक सिर दबाती थी। उनके होने से त्योहार पर्व में गहमा-गहमी जाती थी। इसी उपन्यास में नायिका लक्ष्मी शादी के बाद अपने परिवार का ख्याल तो रखती है, साथ-साथ अपने भाईःभाभी और भतीजे विनोद को भी अपना प्यार दे देती है। वह विनोद की बुआ है। उसे अपने भती जे की हर वक्त चिंता रहती है। उसने क्या खाया?क्या पहना? कहाँ घूमता है? इन सारी बातों का वह ध्यान रखती है। इस प्रकार मिश्रजी ने नारी का बुआ के रुप

में प्रत्यक्ष चित्रण तो कम किया है। लेकिन परोक्ष रुप मे भाई के संतानों के चरित्र निर्माण में सहायक रुप में चित्रण किया है।

पिता के भाई की पत्नी को चाची कहते हैं। परिवार में बच्चा घर के सभी सदस्यों से प्रेम प्राप्त करता है। लेकिन अपनी चाची से वह ज्यादा लाड-प्यार मांगता है। क्योंकि चाची माँ के समान ही प्यार करती है। उसमें माँ का ममत्व है तो सखी सा समानीपन भी है। मिश्रजी ने नारी के स रुप का चित्रण कतिपय उपन्यासों मे किया है। जल टूटता हुआ उपन्यास में मातृविहीन शारदा की चाची उसकेलिए माँ भी हे, चाची भी है और सखा भी है। शारदा की साँ के स्वर्गवास के बाद वही सका जतन,लालन-पान, शिक्षा, चरित्र निर्माण सभी कुछ करती है। शारदा भी अपनी सारी मुश्किले, सुख-दुख चाची से बाँटती है। शारदा को मास्टर उमाकांत से प्यार हो जाता है। तब वही उसकी मदद करती है। शारदा के पिता जब सके साथ शारदा की शादी से इनकार कर देते हैं तब वही शारदा केले मास्टरजी की वकालत करती है और अपने जेठ के समझाता है।तब वह कहती है कि-"हमें घर बैठे इतना अच्छा दामाद मिल रहा है तो क्या बुरा है?" जब शारदा के पिताजी मान जाते हैं तो चाची भतीजी, एक-दूजे को बाहों में भर लेती हैं। अपनी भतीजी की खुशी का इजहार करती हुई वह कहती है-"अरे, रोती है रे पगली, उठ आज तुझे दुल्हन की तरह सजाऊँ, उठ नाच--"(12) यहाँ चाची का सख्य भाव प्रदर्शित होता। चाची अपने भतीजे-भतीजियों का हमेशा ख्याल रखती है। जब कोई भतीजा गलत रास्ते पर जाता है तो चाची उसको सुधारने का भी प्रयत्न करती है। पानी के प्राचीर उपन्यास मे विधवा गुलाबी रीसुन की चाची थी। जब वह विधवा होती है तो रीसुन अपनी जवान चाची की ओर सरकने लगता है। वह चाची के साथ नाजायज संबंध बाँधना और उसकी दौलत हडपना चाहता था।गुलाबी उसको अपने रिशते को लेकर सजग करते हुए कहती है, निकल जा नरक के कुत्ते , तुझे चाची और माँ का भी ख्याल नहीं।"(13) वह गिरते हुए

भतीजे को सावधान कर चाची और माँ का स्तर समान होता है इस बात का अहसास करवाती है।

भाभी-

भाई की पत्नी को भाभी कहा जाता है। भाभी माँ का दूसरा रुप मानी जाती है। इस शब्द में माँ की ममता तो ही, देवर -ननद केलिए सख्य भाव भी होता है। भाभी के साथ हंसी मजाक करने का देवर-ननद को पूरा अधिकार होता है और भाभी भी उनकी छेडछाड करती रहती है। परिवार में युवा लडके-लडकियाँ ज्यादातर अपने दिल का हाल भाभी को ही सुनाते हैं। यद्यपि भाभी-देवर-ननद का संबंध अत्यंत प्राचीन है, तथापि समय-समय पर उसमें गुणात्मक परिवर्तन होते रहे हैं। भारतीय समाज में आदिकाल में देवर को कुछ हद तक पति के अधिकार प्राप्त थे। द्विवर शब्द में भी यही ध्वनि है, जिससे देवर शब्द बना है। वैदिक समाज में इसका प्रमाण मिलता है कि पति की मृत्यु पर विधवा अपने देवर से विवाह कर लेती थी। संस्कृति के विकास के साथ भाभी-देवर का संबंध उच्चतर धरातल पर स्थापित हुआ। अब वे सहज मित्र के रुप में देखे जाने लगे। कालांतर में सीता-लक्ष्मण के आदर्श पर देवर भाभी को माता के समान स्नेह देने लगा और भाभी देवर को पुत्र के समान ही अपने वात्सल्य का पात्र समझने लगी। किन्तु इस आदर्श की प्रतिष्ठा चाहे हो गई हो, यथार्थ जीवन में परिस्थितियों और रीति-नीति के विभेदों के अनुसार देवर-भाभी के संबंधों के अनेक रुप मिलते हैं।मिश्रजी के उपन्यासों में भाभी के रुप में नारी के दो परस्पर विरोधी रुप मिलते हैं। कहीं वह आदर्श नारी के अनुसार देवर से माँ जैसा व्यवहार करती है। किन्तु कुछ उपन्यासों में वह देवर को गृहत्याग भी करवाती है। तो कुछ देवर भी भाभी को अबला और निस्सहाय स्थिति में पाकर कुत्सित, विकृत आचरण करते हैं।

डॉ. रामदरश मिश्र ने अपने उपन्यासों में नारी के इस रुप का चित्रण पारिवारिक संबंधों को मजबूत बनानेवाली नारी के रुप में किया है। सूखता हुआ तालाब में धर्मेंद्र की बहन लीला रामदौना हीर के प्रेम में पागल होकर घर से भाग जाती है। उसकी भाभी तुरंत ही चिंतित हो जाती है और अपनी ननद और घर की इज्जत को बचाने केलिए गाँव का कोना-कोना छानती और लोगों को पूछती है।वह रवींद्र के पैर पकडकर कहती है-"बाबू लडकी की इज्जत तो जायेगी ही, मरद का लात-घूसा भी सहना पडेगा--"(14) वह रवींद्र के पाँव तब तक नहीं छोडती जब तक वह उसकी ननद की खबर नहीं देता। अंत में वह अपनी ननद को चुपचाप घर लाकर घर की इज्जत बचा लेती है। आकाश की छत उपन्यास में यश की भाभी प्रारंभ में देवर यश की अवहेलना करती है। परंतु दोनो भाइयों की हाथापायी में यश घायल होता है। और उसे खून बहने लगता है तो भाभी अपनी साडी फाड कर उसके घाव को दबा देती है और यश के प्रति सहज हो जाती है। जब यश खाना नहीं खाता तो वह कहती है-"तुम्हे मेरी कसम है, देवरजी खाना खा लो।" यश ने देखा भउजी की आँखें तरल थीं। उसका हृदय भीतर से बाहर तक हाहाकार कर उठा। यश भी भउजी को अपनी कसम देकर कहता है "आपको मेरी कसम है जो मेरा पक्ष लेकर राम भैया से कुछ कहा-सुनी करें। आपने जो प्यार दिया है, उसी के सहारे मैँ सारी जिंदगी जी लूँगा।"(15)

ननदः-

भारतीय समाज में सास-बहू, देवरानी-जेठानी और ननद-भाभी ये तीनों का संबंध विवादास्पद रहे हैं। पति की बहन को ननद कहा जाता है। हमारे पुरुष-प्रधान समाज में पति की बहन होने के नाते उसमें बहुत-सी आधिपत्य भावना होती है। ननद-भाभी के बीच उम्र का ज्यादा फासला हो तो भाभी अपनी ननद को छोटी बहन की तरह पालती है, प्यार करती है, यदि समवयस्क हो तो सहेली मान कर स्नेह

करती है और बडी हो तो सम्मान देती है। विपक्ष में ननद भी भाभी को माँ, साथी और बहन मानती है। लेकिन यह आदर्श स्थिति किताबी है। सम्मलित परिवार में ननद-भौजाई के संबंधों में एक विचित्र रस और माधुर्य होता है। इसका कारण संभवतः यह है कि ससुराल में बहू की जो स्थति होती है उसमें उसे ननद ही एक ऐसी सदस्य मिलती है जो प्रायः उसकी समवयस्क होती है और जिसके प्रति वह मैत्री भाव रख सकती है। उधर ननद यदि विवाहित है तो वह अपने अनुभव केवल भाभी को ही बना सकती है और यदि वह अविवाहित है तो, उसकी आकंक्षाओं के प्रति भाभी ही सहज सहानुभूति दिखा सकती है। साधारणतः ननदःभौजाई में मित्रता,ह्रास -परिहास और मान-मनौवल चलता रहता है। इस संबंध का बिलकुल विरुद्ध पहलू रूढिग्रस्त घरों में दिखाई देता है। यहाँ ननद भी अपने माँ-बाप के प्रभाव में नवागता बहू को पराया समझती है।

मिश्रजी के उपन्यासों में सबसे ज्यादा ननद का आधिपत्य "रात का सफर" उपन्यास की नायिका ऋतु को सहना पडा है।एक तो उसका पति उसके पास नहीं और ऊपर से दोनों ननदें बांडी-गार्ड की तरह ऋतु के इधर-उधर घूमती रहती है। दोनों कभी भी भाभी को अकेली नहीं छोडती। दोनों सज-धज कर चटक-मटक करती है। घर का सारा काम अकेली ऋतु को संभालना पडता है। ऋतु अपनी ननदों के संदर्भ में कहती है--"ये दोनों कमबक्त ननदें तो जहर की तरह मेरी सांस-सांस में समाजाना चाहती है। उन्हे मेरी हर हरकत पर संदेह है, मेरे अपने देखने, हँसने मुस्कराने और मेरे आंसू तक का हिसाब लेना चाहती है।"(19) ऋतु की देवरानी तेज थी वह कटाक्ष में अपनी ननदों को सुअरियाँ कह"बिना दरवाजे का मकान" उपन्यास में ऐसी दो नारियों का चित्रण हुआ है जो ननद के रिशते को बदनाम करती है। इस उपन्यास में दीपा की ननद सारा दिन सज-धज कर घूमने-फिरने में बिताती है और गृहकार्य से परहेज रखती है। ऊपर मे भाभी दीप पर रोब जमाती है। नौकरानी मान कर

उसकी उपेक्षा करती है। वह बनती-संवरती, खाती, सोती और खिडकी के पास खडी होकर किसी से मुस्कुराती रहती है। भाबी को ननद के ये लच्छन अच्छे नहीं लगते। एक दिन खाने में थोडी-सी देर हो गयी तो ननद ने खाना उठा कर दीपा के ऊपर फेंक दिया। तब भाभी ने कहा--"देखो इतना गुस्सा जहाँ जाना वहीं दिखाना मैं तुम्हारी भाबी हूँ, लौंडी नहीं। चुपहरजाई कहीं की। कह ननद भी बिगडी। तबदीपा ने कहा, दुनिया जानती है, हरजाई कौन है, मेरा मुँह मत खुलवाओ। तुम्हारे रंग-ढंग देखती हूँ, लेकिन किसी से कहती नहीं हूँ।"(20) यहाँ दीपा अपनी ननद के चरित्र का परिचय देती है। इसी उपन्यास में सुमित्रा एक अत्याचारी ननद के रुप में पाठकों के सामने आती है। शादी होते ही उसकी कुचाल पर उसके पति ने उसे घर से निकाल दिया था तो बैठी-बैठी बाप का घर खा रही थी।सुमित्रा किसी आफिस में काम करती है। अतः बाप केलिए दुधारु गाय बनी हुई है। जवानी की घुटन ने उसके दिल को सडा दिया है। उसकी सारी बदबू वह भाभी पर उतारती है। राधा जब अपने मायके से ससुराल आती है तो किसी को अच्छा नहीं लगता। पहले सास ने और बाद में ननद ने उसे मारना शुरु कर दिया। राधा अपनी सास से कुछ बात कर रही थी तो वह भाभी को लेकर गलत शिकायत करती है--"देखिए न पापाजी। यह छिनाल एक तो भाग कर आयी है, दूसरे आते ही आते माँ से लडने लगी। माँ देखो यह रांड मुझे गाली दे रही है।"(21) उसके बाद वह अपनी माँ और पिता के साथ राधा को मारने लगती है। उसी के इस रवैये से तंग आकर यातनामय जीवन से मुक्ति पाने केलिए राधा आत्महत्या कर लेती है।

सास-बहूः-

नारी के पारिवारिक संबंधों में कदाचित सास-बहू का संबंध सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। परिवार में घर की सुख-शांति इसी संबंध पर टिकी होती है। परिवार में बहू के आते ही पारिवारिक जीवन में जैसे एक नया मोड आ जाता है। यह मोड

सभी सदस्यों से सौहार्द और समझदारी की मांग करता है, पर विशेष रुप से सास-बहू में इन गुणों की आवश्यकता प्रमुख होती है। व्यक्तिगत रुप से देखें तो माँ की ममता और बुजुर्ग की कठोरता का समन्वित रुप है–सास और साधना एवं समर्पण की देवी है-बहू। उसकी साधना है पति और परिवार की सेवा करना। नारी में समर्पण का यह रुप अनूठा है। सास और बहू का संबंध माता-पुत्री के समान होना चाहिए। बहू सास को अपनी ही माँ समझ कर उसका आदर-सम्मान करे, और सास बहू को बेटी मान कर उसकी गलतियों को सुधारने का प्रयत्न करे, उसे प्रेम, स्नेह एवं संवेदना से महकने लगता है। जरूरत है मात्र एक-दूसरे को समझने की।परंतु सास अपनी बहू को बेटी न मान कर अपनी बहू को प्यार न देकर उसकी गलतियाँ ही निकालने में व्यस्त रहे, छोटी-छोटी बातों में बहू को सबके सामने रोक कर उसे अपमानित करे, बहू पर अपना आधिपत्य स्थापित करने की कोशिश में यह भूल जाय कि एक दिन मैं भी बहू थी तो बहू भी अपने अधिकार केलिए ऐलाल-ए-जंग घोषित कर सकती है।सास यदि बहू की गलतियाँ ढूँढने का सूक्ष्मदर्शक यंत्र बन जाय तो बहू केलिए उस घर में निर्वाह करना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में अपने पति को अलग घर बसाने केलिए मजबूर करती है। यदि ऐसा नहीं कर सकती तो दूसरा रास्ता वही है जो सदियों से भारतवर्ष की नारियाँ अपनाती आयी हैं। आज 21वीं शताब्दी में भी हमारे देश में अनेक बहुएँ अपने सास -ससुर की यातनाओं से मुक्ति पाने केलिए आत्महत्या कर लेती हैं। या फिर उसे जिंदा जला दिया जाता है। संक्षेप में कहे तो सास-बहू कारिश्ता ही घर के विकास एवं विनाश का कारण हो सकता है।

मिश्रजी के उपन्यास में सास के रुप में नारी का क्रूर अमानवीय रुप चित्रित हुआ है। स्वयं मिश्रजी की छोटी बहन ने अपनी ससुराल में आत्महत्या कर ली थी। मिश्रजी को बहन की मुत्यु का गहरा सदमा पहुँचा था। वही दर्द और व्यथा मिश्रजी के कथासाहित्य में व्यस्त है। उनके उपन्यासों में प्रत्येक बहू अपने सास के अत्याचारों

को सहती है और सहनशक्ति की सीमा पार कर जाने पर आत्महत्या कर लेती है तो कुछ जलायी जाती है तो बीस बरस की वंदना जैसी कुछ बहुएँ समाज और परिवार के सामने एक नयी मिसाल कायम करती हुई उन दरिद्रों को कानूनी सजा दिला कर जेल में धकेल देती है।

विवाह में ज्यादा दहेज न लाने पर सास द्वारा बहू पर अत्याचार शुरु हो जाते हैं। मिश्रजी ऐसी सास को डाकू से भी खतरनाक मानते हैं। क्यों कि डाकू दुर्बल को नहीं लूटते और न ही मारते हैं। परंतु सास तो बहू का दहेज भी लूटती है और उसकी जान भी ले लेती है। उस समस्या को लेकर बिना दरवाजे का मकान में राधा बीस बरस में बलदेव की पत्नी जब टूटता हुआ की गीता, थकी हुई सुबह की मैना दीदी और रात का सफर की ऋतु जैसी अनेक बहुओं को अपनी सास या पति की यातनाओं को चुपचाप सहना पडता है। दहेज के लालच में वे मानव से दानव बन जाते हैं। बिना दरवाजे का मकान उपन्यास में राधा गरीब घर की बेटी होने से दहेज नहीं लायी थी। इसी कारण घर में उसकी क्या-क्या दुर्गति होती थी। सास उसे गिन-गिन कर तीन रोटियाँ देती थी। पूरा दिन घर का काम। उसका छोटा बच्चा दिन रात दूध केलिए चीखता था। बाहर से दूध मिलता नहीं और माँ को भरपेट खाना बी न मिले तो दूध कहाँ से होगा। घर के सभी लेग से पशु की रह पीटते थे। इस शारीरिक और मानसिक अत्याचार से तंग अकर राधा अग्निस्नान करते उस दोजख से छुटकारा पा लेती है। इसी उपन्यास में बहादुर की माँ अपनी बहू दीपा पर गालियों की वर्षा करती है और बहू को पीटने केलिए हर समय अपने बेटे को उकसाती रहती है।उस पर आधिपत्य जमाने का प्रयत्न करती है और कलूटी कूंदा, कुलटा और न जाने क्या-क्या खिताब देती रहती।

देवरानी-जिठानीः-

जिस प्रकार बहन-बहू में बराबरी का संबंध होता है उसी प्रकार देवरानी-जिठानी का संबंध भी बराबरी का होता है। एक ही माँ की संतान होने के कारण बहनों में प्रेम की सहज रुप से विद्यामान रहती है किन्तु देवरानी जिठानी में यह सौहार्द धीरे-धीरे ही विकसित हो सकता है। यदि वे दोनों कर्तव्यपरायण हो, देवरानी जिठानी को बडी बहन मान कर आदर करती हो और जिठानी देवरानी को छोटी बहन की भाँति प्यार करती हो यदि दोनों एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ दें तब तो उनमें घनिष्ठ और अंतरंग मे लहे जाता है अन्यथा अपनी-अपनी रुचि और स्वभावगत विशेषताओं पर बल देने के कारण प्रायः उनमें कलह होता रहता है। इसीलिए सास-बहू के रिश्ते की तरह यह रिश्ता भी बहुत बदनाम है। देवरानी-जिठानी के संदर्भ में हम यह भी कह सकते हैं कि ये दोनों एक-दूसरे पर अधिकार स्थापित करने के प्रयास में सास बनने से पहले ही उस्की प्रेक्टिस करती है ताकि बहू आने पर अपना सासपन दिखा सकें।देवरानी जिठानी के रिश्ते की मधुरता का चित्रण मिश्रजी ने "रात का सफर" उपन्यास में किया है। ऋतु की देवरानी उसकी सहेली जैसी है। वह ऋतु के दर्द को समझती है और उसे हल्का करने का हर वक्त प्रयास करती है। वह ऋतु से कहती है-"जीजी आप बडी सीधी हैं। तुम अपने सीधेपन से मारी जा रही हो उस चुडैल श्यामा की चोटी पकड कर निकाल क्यों नहीं देती? जीजी आप अपने बाबूजी को लिखिए और नके साथ पहुँच जाइये इलाहाबाद देखिए, लह रांड वहाँ रास-लीला कर रही होगी। लात मार कर उसकी कचूमर निकाल दीजिए। हरामजादी कैसे नहीं निकालेगी? जीजी, सचमुच तुम्हारा दुख मुझसे देखा नहीं जाता?"(24) यहाँ देवरानी छोटी होने पर भी अपनी जिठानी को जीजी मान कर उस केलिए चिंतित है। वह उसे अपने अधिकार केलिए जाग्रत करती है। एक अन्य उपन्यास अपने लोग में प्रा.प्रमोद की पत्नी संज्ञा जिठानी के रुप में नारी का आदर्श रुप प्रकट करती है। अपने गाँव से आयी बीमार देवरानी की वह सेवा करती है।

डॉक्टर को दिखाती है, दवा-फल लाती है। उसके पति प्रा.प्रमोद को यह सब पसंद नहीं फिर भी वह सारी तकलीफों को हंसकर झेलती है।

मिश्रजी ने आज के युग को देखते हुए इस रिश्ते का चित्रण किया है। वास्तविक बात यह है कि आधुनिक जीवन के विकास के साथ-साथ व्यक्तियों मे रुचि-वैचित्य और आर्थिक विभेद इतना बढ गया है कि सम्मिलित रुप में अनिशासित और सहयोग के बिना जीवन बिता सकना कठिन हो गया है। यदि जेठ और देवर में घनिष्ठता और सौहार्द हो तो कुछ दिनों देवरानी-जिठानी का साथ निभा भी सकता है, पर यदि उनमें भी वैमनस्य हो तो उनमें विग्रह अनिवार्य ही हो जाता है। आज पृथक परिवार की प्रतिष्ठा के साथ-साथ देवरानी-जिठानी के संबंध गौण और औपचारिक ही रह गये हैं। निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि मिश्रजी के उपन्यासों में नारी के ऐसे रुपों का चित्रण हुआ है जो पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन के समीप और यथार्थ जीवन के निकट हैं। इसमे कहीं अतिशयोक्ति नहीं।

संदर्भ ग्रंथः

1.जल टूटता हुआ-डॉ.रामदरश मिश्र पृ.सं.240-41

2.रात का सफरःडॉ.रामदरश मिश्र पृ.सं.41

3.जल टूटता हुआः डॉ.रामदरश मिश्र पृ.सं.376

4.जल टूटता हुआः डॉ.रामदरश मिश्र पृ.सं.378

5.थकी हुई सुबहःडॉ.रामदरश मिश्र पृ.सं.83

6.दूसरा घरः डॉ.रामदरश मिश्र पृ.सं. 237

7.जल टूटता हुआःडॉ.रामदरश मिश्र पृ,सं.235

8.पानी के प्राचीरः डॉ.रामदरश मिश्र पृ.सं.66

9.बिना दरवाजे का मकानः डॉ.रामदरश मिश्र पृ.सं.49

10.बिना दरवाजे का मकानः डॉ.रामदरश मिश्र पृ.सं129

11.दूसरा घरः डॉ.रामदरश मिश्र पृ.सं.258

.

डॉ.विंजनंपाटि यशोधरा यस.ए.हिंदी,

सरकारी पाठशाला, पी.वी. तोटा, गुंटूर-522004,

आंध्र प्रदेश।

साहित्य समाज और संस्कृति का अंतः सम्बन्ध

डॉ . जि . विजय रत्न कुमार,
हिन्दी अध्यापक, हिन्दी विभाग
हिन्दू कलाशाला, गुंटूर(आंध्रा)भारत

षेक . बाजी
हिन्दी अध्यापिका, हिन्दी विभाग
हिन्दू कलाशाला, गुंटूर(आंध्रा)भारत

विषय प्रवेश / Abstract

